# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 15 सितंबर 2025


सत्यमेव जयते
भारत सरकार



# विकसित बिहार विकसित भारत

## बिहार के लोगों के लिए विद्युत, रेलवे, एयरपोर्ट, आवासन एवं शहरी कार्य, जल शक्ति, ग्रामीण विकास, कृषि, पशुपालन तथा डेयरी क्षेत्रों की 36000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उपहार

### शिलान्यास

- पीरपैंती (भागलपुर) में 3x800 मेगावाट ताप विद्युत परियोजना • कोसी–मेची अंतर–राज्यीय नदी लिंक परियोजना फेज़–I
- विक्रमशिला–कटरिया के बीच नई रेल लाइन (26 किमी)
- सुपौल तथा कटिहार जिलों में अवरोधन एवं विपथन (आई एंड डी) एवं अपशिष्ट शोधन संयंत्र (एसटीपी) कार्य
- दरभंगा, कटिहार तथा भागलपुर में जलापूर्ति परियोजनाएं

### उद्घाटन

- पूर्णिया हवाई अड्डे के अंतरिम टर्मिनल भवन • अररिया–गलगलिया (ठाकुरगंज) के बीच नई रेल लाइन (111 किमी)
- नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत भागलपुर में अपशिष्ट शोधन संयंत्र (एसटीपी) तथा अवरोधन एवं विपथन (आई एंड डी)
- पूर्णिया में स्वदेशी गोजातीय लिंग–विभेदित वीर्य उत्पादन सुविधा

### हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ

- पूर्णिया हवाई अड्डे से पहली वाणिज्यिक उड़ान
- अररिया–गलगलिया नई रेल लाइन से होकर जाने वाली कटिहार–सिलीगुड़ी एक्सप्रेस • जोगबनी–दानापुर वंदे भारत एक्सप्रेस
- सहरसा–छेहरटा (अमृतसर) अमृत भारत एक्सप्रेस • जोगबनी–इरोड अमृत भारत एक्सप्रेस

### गृह प्रवेश

- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) (बिहार के 35600 लाभार्थी)
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) (बिहार के 5920 लाभार्थी)

### एनआरएलएम के अंतर्गत लाभों के वितरण

- बिहार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत समूह स्तरीय संघों के लिए ₹500 करोड़ की सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) तथा पाँच सीएलएफ को चेकों की सुपुर्दगी

### शुभारंभ

- राष्ट्रीय मखाना बोर्ड

### परियोजनाओं के लाभ

- पूर्णिया हवाई अड्डे पर नए सिविल एन्क्लेव के विकास से क्षेत्र में हवाई यात्रा की माँग पूरी होगी
- नई लाइनों और रेलगाड़ियों के परिचालन से कुशल एवं किफायती रेल यात्रा के साथ यात्री और माल ढुलाई के लिए संपर्कता को बढ़ावा मिलेगा
- नए ताप विद्युत संयंत्रों से विद्युत उत्पादन से घरेलू और औद्योगिक खपत के लिए विद्युत की अधिक उपलब्धता सुनिश्चित होगी
- नए जलापूर्ति तंत्रों से संधारणीय जल प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा और जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल से जल के कनेक्शन उपलब्ध कराने में तेजी आएगी
- अवरोधन एवं विपथन (आई एंड डी) तथा नए अपशिष्ट शोधन संयंत्र (एसटीपी) नदी के प्रदूषण को कम करेंगे तथा गंगा के पुनरुद्धार में सहायक सिद्ध होंगे
- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी) के अंतर्गत 41,520 परिवार घर के मालिक बनेंगे
- गोजातीय लिंग–विभेदित वीर्य उत्पादन सुविधा से डेयरी किसानों की आय में वृद्धि होगी तथा उनका आर्थिक बोझ कम होगा
- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत धनराशि के वितरण से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा और ग्रामीण निर्धन परिवारों/स्वयं सहायता समूहों का सशक्तिकरण
- मखाना उत्पादन उद्योग को बढ़ावा, जिससे इस क्षेत्र में वैश्विक मानचित्र पर बिहार की पहचान को सुदृढ़ता मिलेगी

# श्री नरेन्द्र मोदी

## माननीय प्रधानमंत्री

द्वारा

सोमवार, 15 सितंबर, 2025 | अपराह्न 03:30 बजे | पूर्णिया, बिहार

### गरिमामयी उपस्थिति

**श्री आरिफ मोहम्मद खान**
राज्यपाल, बिहार

**श्री नीतीश कुमार**
मुख्यमंत्री, बिहार

**श्री मनोहर लाल**
केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा विद्युत मंत्री

**श्री शिवराज सिंह चौहान**
केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री

**श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह**
केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज मंत्री

**श्री किंजरापु राममोहन नायडू**
केंद्रीय नागर विमानन मंत्री

**श्री अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**श्री सी. आर. पाटिल**
केंद्रीय जल शक्ति मंत्री

**श्री सम्राट चौधरी**
उप मुख्यमंत्री, बिहार

**श्री विजय कुमार सिन्हा**
उप मुख्यमंत्री, बिहार


**श्री राजेश रंजन**
संसद सदस्य (लोकसभा)

**श्री विजय कुमार खेमका**
विधायक, पूर्णिया







CBC 03111/15/0011/2526

DD NEWS कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़ पर देखें

# DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

Chhattisgarh, Bilaspur | AN AISECT GROUP UNIVERSITY

DR. C.V.RAMAN UNIVERSITY

Approved by : PCI | AICTE | NCTE | BCI | Member of : AIU | Recognized by : UGC | A NAAC Accredited University

THE FIRST PRIVATE UNIVERSITY IN CHHATTISGARH ACCREDITED "A" GRADE BY NAAC

## ADMISSIONS OPEN [2025-26]




## दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र

## CENTRE FOR DISTANCE AND ONLINE EDUCATION

दूरस्थ शिक्षा में प्रवेश के लिए विद्यार्थी का ABC-ID & DEB-ID होना अनिवार्य है।

EXPERIENCE
16 YEARS
FOR DISTANCE EDUCATION

GREAT EDUCATION DOESN'T ALWAYS NEED A CAMPUS, IT NEEDS ACCESS

YOUR TIME, YOUR PLACE, YOUR EDUCATION

### CVRU CHHATTISGARH

Dr. C.V. Raman University is credited to be the first private university of Chhattisgarh and is hailed for redefining the education in the untapped areas of the state by introducing a cutting-edge technology-aided learning, a world-class infrastructure for research and a unique intuitive teaching approach. It continues to move ahead towards newer frontiers.

Scan QR Code to Create Academic Bank of Credit (ABC) ID

Scan QR Code to Create Distance Education Bureau (DEB) ID

### Programmes Offered :

BBA | MBA | B.Com | M.Com | B.Lib.I.Sc. | M.Lib.I.Sc. | B.A. (General)
M.A. (Hindi) | M.A. (English) | M.A. (Sanskrit) | M.A. (History)

**Special Features:**

- Career Advancement – Upgrade skills, get promotions, and grow in your career.
- Flexible Timings – Ideal for working professionals, homemakers, and rural learners.
- Rich Study Material – Printed self-learning books, e-books, and interactive video lectures.
- Affordable Fee Structure – Quality education at a low cost
- Counselling & Support – Guidance from expert faculty through online/offline modes.
- Technology-Enabled Learning – Online classes, e-resources, and digital libraries for modern education.
- Learner Support Division – Dedicated academic and administrative support through counselling and helplines.
- Inclusive Education – Empowering rural learners, women, and differently-abled students through equal opportunities.

### HELP DESK FOR ENQUIRY

**RAIPUR** : 2nd Floor, "ACE Global" Opp. Minocha Petrol Pump, G.E.Road, Telibandha, Raipur - 492006, Chhattisgarh, Phone: +0771-6611111, 4022197, Mo. 9165550308

**JAGDALPUR** : 2nd Floor, Dubey Complex, Near Punjab Bhawan, Rautpara, Azad Chowk, Pandit Dindayal Upadhyay Ward, Jagdalpur: 494001, Distt: Bastar, (C.G.), Phone: 07782-225223, Mo. 9826882871, 7772044779

**BHILAI** : Near Ekta Park, Maitri Vihar, Radhika Nagar, Bhilai, District : DURG: 490020, CHHATTISGARH, Ph: +91-0788-2295617, 2294009, Mo. 7000718244

**RAJNANDGAON** : NH-6, GE Road Near Collectorate SBI Branch, Infront of Manokamna Bhawan, Shakti Nagar, Rajnandgaon: 491441, Chhattisgarh, , Phone: 91-07744-228568 Mo. 7828343001, 7000180528

**BILASPUR** : Infront of Pallav Bhawan, Ring Road No.2, Bilaspur, Chhattisgarh, Pin 495001 Ph. 07752-448799 Mo. 9109028878

**AMBIKAPUR** : 1st Floor, Anand Shree Complex, Near Multipurpose Hr. Sec. School, Collectorate Bunglow Road, Gudri Chowk, Ambikapur : 497001, Dist: Sarguja, (C.G.), Phone: 07774-221363, Mo: 8463079985, 9644773322

**KORBA** : Plot No 238, Amar Palace, Near Nirmala School, Kosabadi Chowk, Korba, Distt: Korba, (C.G.), PIN-495677, Ph.: 07759-222002, Mo: 9770214616,

**RAIGARH** : Opp. JMJ Morning Star Hospital, Pahad Mandir Road, Near Degree College, Lochan Nagar, Raigarh: 496001, (C.G.), Mo.: 7999581884, 9893770334

### Approvals & Recognition From Regulatory Bodies

Dr. C.V. Raman University is recognized by 2(f) under section 22 of UGC (University Grant Commission) Act 1956

The AICTE (All India Council of Technical Education) has approved the B.Tech, M.Tech, MBA & Diploma in Engineering Programmes of Dr. C.V. Raman University, Bilaspur

The NCTE (National Council for Teacher Education) has approved the B.Ed & M.Ed Programmes of Dr. C.V. Raman University, Bilaspur

The BCI (Bar Council of India) has approved the B.A.L.L.B., L.LB., & B.Com. L.L.B Programmes of Dr. C.V. Raman University, Bilaspur

Dr. C.V. Raman University is the member of the Association of Indian Universities (AIU)

The University is Approved by CGPURC (Chhattisgarh Private University Regulatory Commission)

The PCI (Pharmacy Council of India, a statutory body constituted under the Pharmacy Act, 1948) has approved the D.Pharm, B.Pharm & M.Pharm programmes of Dr. C.V. Raman University, Bilaspur

University Grants Commission (UGC) Distance Education Bureau

### Top Recruiters of AGU

More than 500 companies for Placements and Internships Offering up to 10 Lakh Package

wipro | vedanta | BAJAJ FINSERV | ICICI Bank | SGS | Reliance | Paytm | Reliance Jio | vivo | CMC | Justdial | kotak | Apollo Hospitals | Manappuram Finance Limited
Deloitte | INMOVIDU | Krishna Maruti Ltd. | Binomial | ICICI Prudential | collegedunia | Fullerton India | BYJU'S | IndusInd Bank | Investosure | ESAF Small Finance Bank | airtel | Birla Sun Life Insurance | BuildMate

For enquiries & other information, contact us at:

Kargi Road, Kota, Dist.- Bilaspur (C.G.) Ph.+91-7753-253801, 07753-253851, 253872, 253873, E-Mail : info@cvru.ac.in, lsd@cvru.ac.in, admissions@cvru.ac.in

9302969342, 9617772312

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, सोमवार 15 सितंबर 2025











# इतिहास में पहली बार, पाक से जीत पर ऐसा सन्नाटा

**एशिया कप : भारत ने पाक को 7 विकेट से पीटा**



14 सितंबर-2025 की आधी रात

रायपुर। राजधानी रायपुर के क्रिकेटप्रेमियों ने एशिया कप में पाकिस्तान से मैच खेले जाने पर विरोध जताया। भारत की शानदार जीत के बाद भी राजधानी के जयस्तंभ चौक पर सन्नाटा पसरा था। बीते पांच सालों में टी-20 और वनडे मैच में पाकिस्तान पर जीत के बाद देर रात तक जयस्तंभ चौक पर जश्न मनाया जाता रहा है, लेकिन इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ, जब पाकिस्तान पर भारत की जीत का जश्न नहीं मनाया गया।



30 जून 2024 की रात ऐसा था नजारा

# सूर्या का बल्ला.. कुलदीप की धार
## जेन-जी के सामने भी नहीं टिका पाकिस्तान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया है। विवादों में रहे इस मैच में पाकिस्तान टीम कभी भी जीत के करीब नजर ही नहीं आई। पाकिस्तान टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 127 रन बनाए थे, जवाब में भारतीय टीम ने 25 गेंद शेष रहते लक्ष्य को हासिल कर लिया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने सुपर-4 में जगह लगभग पक्की कर ली है।



**सूर्यकुमार ने छक्के से मैच खत्म :** बर्थडे ब्वॉय सूर्यकुमार यादव ने छक्के से मैच खत्म किया। भारत ने 7 विकेट से पाकिस्तान को हराया। भारत ने 15.5 ओवर में 3 विकेट पर 131 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव 37 गेंद पर 47 और शिवम दुबे 10 रन बनाकर नाबाद रहे।

कुलदीप यादव

03 विकेट

18 रन

04 ओवर

- देखें खेल पेज

## फार्महाउस गृह निर्माण मंडल के सेवानिवृत्त एक्जीक्यूटिव इंजीनियर का, सात गिरफ्तार

# डर्टी पार्टी के लिए बुक था निजी फार्महाउस 40 से ज्यादा युवा होने वाले थे शामिल

*राजधानी के माहौल में डर्टी पार्टी का विष घोलने वालों का पूरा खुलासा हो गया है। पुलिस ने सात लोगों को अरेस्ट किया है। इनमें भाठागांव में फार्महाउस उपलब्ध करने वाले से लेकर आर्गनाईजर, प्रमोटर्स शामिल हैं। पता चला है कि इस पार्टी में 40 युवा शिरकत करने वाले थे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उन्होंने इंस्टाग्राम में अपरिचित क्लब नाम से ग्रुप बनाया था। पार्टी का आयोजन 21 सितंबर को होना था। पुलिस ने जिन सात लोगों को गिरफ्तार किया है, उनके खिलाफ बीएनएस की धारा 4 स्त्री अशिष्ट रूपण प्रतिषेध अधिनियम, 67 आईटी एक्ट एवं धारा 79 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

स्ट्रेंजर हाउस, पूल पार्टी आयोजित करने के आरोप में पुलिस ने मोहबाबाजार निवासी संतोष गुप्ता, तेलीबांधा, जोरा निवासी संतोष जेवानी, खम्हारडीह, गायत्री नगर निवासी अजय महापात्रा, अवंति विहार निवासी अवनीश गंगवानी, जेम्स बेक, तेलीबांधा निवासी दीपक सिंह तथा देवेंद्र कुमार यादव को पकड़ा है। पार्टी आयोजित करने वाले प्रमोटर एक सप्ताह पूर्व से सोशल मीडिया में ▶▶| शेष पेज 5 पर



हरिभूमि फॉलोअप



रायपुर में न्यूड पार्टी...प्रदेशभर में हंगामा
पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

### भाठागांव में आयोजित होनी थी पार्टी

गृह निर्माण मंडल में एक्जीक्यूटिव इंजीनियर पद से रिटायर हुए संतोष गुप्ता का भाठागांव में एसएस नाम से फार्म हाउस है। स्ट्रेंजर हाउस, पूल पार्टी का आयोजन उसी फार्म हाउस में 21 सितंबर रविवार को आयोजित होना था। निजी फार्म हाउस में डर्टी पार्टी आयोजित ▶▶| शेष पेज 5 पर

### महिला आयोग ने लिया संज्ञान

मीडिया रिपोर्ट के आधार पर आयोजित होने वाली न्यूड पार्टी पर महिला आयोग के अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने संज्ञान लेते हुए पार्टी आयोजित करने वाले, आयोजक, प्रायोजक, और सोशल मीडिया में न्योता भेजने वालों के खिलाफ कड़ी ▶▶| शेष पेज 5 पर

### गिरफ्तार आरोपियों की डर्टी पार्टी में भूमिका

- संतोष जेवानी, अजय महापात्रा - दोनों इवेंट आर्गेनाइज करने वाले थे।
- संतोष गुप्ता - भाठागांव में एसएस नाम से फार्म हाउस है, इवेंट के लिए संतोष गुप्ता ने फार्म हाउस उपलब्ध कराया था।
- अवनीश गंगवानी - 'व्हाट इज रायपुर' नाम से इवेंट का प्रमोशन कर रहा था।
- जेम्स बेक - तेलीबांधा, वीआईपी रोड रायपुर स्थित हाईपर क्लब का संचालक है, जो ▶▶| शेष पेज 5 पर

# विकासशील होंगे छत्तीसगढ़ के नए मुख्य सचिव!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय प्रशासनिक सेवा 1994 बैच के अधिकारी विकासशील छत्तीसगढ़ के नए मुख्य सचिव हो सकते हैं। राज्य की नौकरशाही से लेकर सत्ता के गलियारों में रविवार शाम से लेकर देर रात तक इसी खबर की गूंज रही। राज्य के मौजूदा मुख्य सचिव अमिताभ जैन सेवानिवृत्त हो गए हैं। उन्हें तीन माह के लिए संविदा नियुक्ति दी गई है। यह कार्यकाल भी अब पूरा होने को है। लिहाजा राज्य में नए मुख्य सचिव की नियुक्ति होना तय है।

छत्तीसगढ़ में मुख्य सचिव के रूप में अब जो भी अधिकारी नियुक्त होंगे, वे राज्य के 12वें मुख्य सचिव होंगे। इस पद के लिए स्वाभाविक दावेदारों के रूप ▶▶| शेष पेज 5 पर

### छत्तीसगढ़ वापसी के संकेत

नौकरशाही के जानकारों की मानें तो इसी ताजा घटनाक्रम को विकासशील की राज्य में मुख्य सचिव के रूप में वापसी के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। संकेतों में कहा जा रहा है कि उनकी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति समाप्त करने और उन्हें रायपुर वापस भेजने का आदेश अब केवल एक-दो दिन में आ सकता है। ये संभावना भी है कि विकासशील अगले एक सप्ताह में रायपुर आ सकते हैं। वापसी के बाद मुख्य सचिव के रूप में उनकी नियुक्ति का आदेश जारी होने की बाद से ▶▶| शेष पेज 5 पर

### सीएस पद के ये भी थे दावेदार

छत्तीसगढ़ में अमिताभ जैन के सेवानिवृत्त होने के समय यहां सीएस पद के दावेदारों में रेणु पिल्ले, सुब्रत साहू, अमित अग्रवाल, ऋचा शर्मा. मनोज कुमार पिंगुआ दावेदार थे। लेकिन श्री जैन का कार्यकाल तीन माह के ▶▶| शेष पेज 5 पर









# नक्सलियों के चंगुल से मुक्त करेंगुट्टा पहाड़ी पर बनेगा जंगल वारफेयर कॉलेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खास खबर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर ज़िले की करेंगुट्टा पहाड़ी, जो कभी नक्सलियों का सबसे सुरक्षित गढ़ मानी जाती थी, इसी पहाड़ी पर जल्द ही देश का दूसरा जंगल वारफेयर कॉलेज स्थापित किया जाएगा। इस कॉलेज में केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल, छत्तीसगढ़ पुलिस, डीआरजी, कोबरा और अन्य सशस्त्र बलों को विशेष प्रशिक्षण मिलेगा। इसका निर्माण केंद्र सरकार करेगी, जबकि एप्रोच रोड और अन्य बुनियादी सुविधाएं राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी। प्रदेश में इससे पहले साल 2004 में कांकेर में काउंटर टेररिज्म एंड जंगल वारफेयर कॉलेज खोला गया था। करेंगुट्टा पहाड़ी ▶▶| शेष पेज 5 पर

### सीएम साय बोले- पीएम मोदी का मार्गदर्शन, शाह का नेतृत्व



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्पष्ट कहा कि नक्सलियों की झूठी विचारधारा अब दम तोड़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विश्वास, विकास और शांति की नई सुबह की ओर बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि मार्च 2026 तक 'नक्सलमुक्त भारत' का संकल्प साकार होगा।

### सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता

दिसंबर 2023 से अब तक नक्सल विरोधी अभियानों में सुरक्षा बलों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस अवधि में 453 माओवादी मारे गए, 1616 गिरफ्तार किए गए और 1666 ने आत्मसमर्पण किया। राज्य में 65 नए सुरक्षा कैंप खोले गए हैं और सड़क, पुल-पुलिया तथा मोबाइल नेटवर्क जैसी आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है।

# उड़ता 'मिसाइल ट्रक', आसमान में 'सफेद हंस' बन जाता है दुश्मन का काल

एजेंसी ▶▶| मॉस्को

रूस ने एक बार फिर अपनी सैन्य ताकत का दुनिया को अहसास कराया। सैन्य अभ्यास के दौरान रूस ने अपने सबसे घातक हथियारों में से एक हाइपरसोनिक जिरकोन मिसाइल का टेस्ट किया। इस मिसाइल की गति ध्वनि से 9 गुना अधिक है, जिसे रोकना लगभग असंभव माना जा रहा है। कहा जा रहा है कि यह मिसाइल किसी भी देश का नक्शा बदलने की क्षमता रखती है। रूस ने रविवार को बताया कि उसने बेरेंट्स सागर में एक लक्ष्य पर जिरकोन (त्सिरकोन) हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल दागी और सुखोई एसयू-34 सुपरसोनिक लड़ाकू-बमवर्षकों ने बेलारूस के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास के हिस्से के रूप में हमले किए। मंत्रालय ने यह भी बताया कि उत्तरी बेड़े के मिश्रित विमानन कोर के लंबी दूरी के पनडुब्बी रोधी विमान इस अभ्यास में शामिल थे। साथ ही एसयू-34 के चालक दल ने जमीनी ठिकानों पर बमबारी का अभ्यास किया।

### इसलिए कहा जाता है व्हाइट स्वान

*टीयू-160 सिर्फ बॉम्बर नहीं बल्कि रूस की स्ट्रैटेजिक ताकत का प्रतीक है। इसे कई बार व्हाइट स्वान इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह उड़ान के दौरान बेहद आकर्षक और शक्तिशाली दिखता है। इसकी स्पीड और पेलोड क्षमता किसी भी दूसरे बॉम्बर से ज्यादा है। इस और एडवांस बनाया जा रहा है।*



### 2200 किमी की स्पीड और 12 हजार किमी की रेंज

टीयू -160 के स्पीड की बात करें तो ये 2,200 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से उड़ सकता है, जो इसे दुनिया का सबसे तेज बॉम्बर बनाता है। इसकी रेंज लगभग 12,000 किलोमीटर है, यानी यह बिना रीफ्यूलिंग किए बेहद लंबी दूरी तक उड़ान भर सकता है। टीयू-160 का वजन करीब 275 टन है और इसमें चार एनके-32 टर्बोफैन इंजन लगे होते हैं।

### फ्लाइंग आर्मरी, परमाणु मिसाइल दागने में सक्षम

टीयू -160 को फ्लाइंग आर्मरी भी कहा जाता है क्योंकि यह ढेरों हथियार लेकर उड़ सकता है। जिससे ये बॉम्बर और खतरनाक बन जाता है. यह न्यूक्लियर और नॉन-न्यूक्लियर मिसाइलें दाग सकता है। इसमें 12 तक केएच-55एसएम क्रूज मिसाइलें या केएच-101/केएच-102 जैसी लंबी दूरी की एडवांस मिसाइलें लगाई जा सकती हैं। यह बम और अन्य स्मार्ट हथियार भी ले जाने में सक्षम है।

### नाटो ने ब्लैकजैक, रूस ने दिया व्हाइट स्वान नाम

रूसी वायु सेना का एक परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम टीयू-160 बॉम्बर. तुपोलेव टीयू-160 को जहां नाटो ने ब्लैकजैक नाम दिया है, वहीं इसका रूसी उपनाम व्हाइट स्वान (सफेद हंस) है. शीत युद्ध के दौरान सोवियत संघ ने इस सुपरसोनिक, वेरिएबल-स्वीप विंग स्टेटेजिक बॉम्बर को विकसित किया था और आज भी यह बेहद प्रभावी है।

### आखिर क्या है रूस का टीयू -160

टीयू-160 एक सुपरसोनिक, वैरिएबल-स्वीप विंग हेवी बॉम्बर है, जिसे 1980 के दशक में सोवियत संघ के द्वारा बनाया गया था। इसे बेहतर वैज्ञानिकों ने डिजाइन किया और यह आज भी रूस की स्ट्रैटेजिक एयर फोर्स का अहम हिस्सा है। टीयू-160 का मुख्य उद्देश्य लंबी दूरी तक उड़ान भरकर दुश्मन के इलाकों में न्यूक्लियर और पारंपरिक हथियार गिराना है। इसे रडार के द्वारा पकड़ना भी मुश्किल है।

### क्या है खासियत और डिजाइन?

टीयू 160 का डिजाइन बेहद यूनिक है। इसमें वैरिएबल-स्वीप विंग टेक्नोलॉजी है, यानी इसके पंख जरूरत के हिसाब से कोण बदल सकते हैं, जिसके कारण ये आसानी से किसी भी रफ्तार में अपना रास्ता बदल सकता है।

## खबर संक्षेप

### राहुल आज करेंगे बाढ़ प्रभावित पंजाब का दौरा



**चंडीगढ़।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि एक दिवसीय दौरे के दौरान गांधी अमृतसर और गुरदासपुर जिलों के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी राज्य की अपनी यात्रा के दौरान बाढ़ प्रभावित परिवारों से भी मिलेंगे। पंजाब 1988 के बाद से सबसे भीषण बाढ़ से जूझ रहा है। पंजाब में भारी बारिश के कारण भी बाढ़ की स्थिति और गंभीर हो गई है। बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या वर्तमान में 56 है, जबकि 1.98 लाख हेक्टेयर में लगी फसलें बर्बाद हो गई हैं।

### मां ने डांटा तो 12 वर्षीय लड़के ने लगा ली फांसी

**मुरादबाद।** उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद जिले के मानपुर क्षेत्र में 12 वर्षीय लड़के ने कथित तौर पर मां की डांट के बाद फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान छठी कक्षा के छात्र कृष्णा के रूप में हुई है। लड़के की मां निशा ने पुलिस को बताया कि उन्होंने शनिवार दोपहर किसी बात को लेकर अपने बेटे को डांटा और उसे कमरे में बंद कर अपने काम पर चली गईं। शाम को घर लौटने पर उन्हें बेटा फंदे से लटका मिला। वह पीतल के कारखाने में काम करती हैं। निशा अपने इकलौते बेटे के साथ किराए के घर में रहती थीं।

### नेपाल की जेल से फरार चार कैदी सीमा पर पकड़ाए

**पिथौरागढ़।** नेपाल में हाल में देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के दौरान वहां की विभिन्न जिलों से भागे चार कैदियों को भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल ने पकड़ा है। एसएसबी की 55वीं बटालियन द्वारा यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नेपाल के इन चार कैदियों को झूलाघाट के निकट देवताल पुलिस चौकी क्षेत्र से उस समय पकड़ा गया जब वे टायर ट्यूब की मदद से अवैध रूप से काली नदी पार करने की कोशिश कर रहे थे। चार कैदियों में से तीन पर दुष्कर्म के आरोप हैं। एक हत्या के जुर्म में जेल में बंद था। एसएसबी ने कहा, "हमने कैदियों को अपनी हिरासत में रखा हुआ है और उनसे अन्य कैदियों की अवैध रूप से भारत में घुसने की योजनाओं के बारे में पूछताछ की जा रही है।"

### दिल्ली में सट्टेबाजी गिरोह के छह सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मयूर विहार में छह लोगों को कथित तौर पर अवैध रूप से क्रिकेट सट्टेबाजी गिरोह संचालित करने के लिए गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस नियंत्रण कक्ष को फोन पर मिली सूचना के आधार पर पुलिस के एक दल ने 12 और 13 सितंबर की रात चिल्ला गांव में एक फ्लैट पर छापा मारा और आरोपियों को इंग्लैंड-दक्षिण अफ्रीका मैच पर सट्टा लगाते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि मौके से तीन लैपटॉप, 32 मोबाइल फोन, एक जीएसएम डिवाइस, रजिस्टर, कैलकुलेटर, एक प्रिंटर, एक एलईडी टीवी और 2,720 रुपये नकद जब्त किए हैं और जांच जारी है।

## तख्ता पलट में 72 मौतें, हिंसा में सहभागी कई समूहों की पहचान, न्यायिक जांच होगी

# शपथ लेते ही कार्की का ऐलान, मृतकों को शहीद का दर्जा, 10-10 लाख मुआवजा

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने सिंह दरबार में पदभार संभालते ही सख्त तेवर अपनाए हैं। उन्होंने कहा है कि नेपाल हिंसा की न्यायिक जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि कई समूहों की पहचान की गई है जो इस पूरी हत्या, हिंसा, आगजनी और लूटपाट में सहभागी थे। कार्की ने कहा कि जेन जी प्रदर्शन की आड़ में 9 सितंबर को काठमांडू सहित देशभर में सरकारी तथा निजी संपत्तियों पर आक्रमण, आगजनी, लूटपाट की घटना एक षडयंत्र है। देश के नाम संबोधन में उन्होंने कहा कि जिस तरह से टारगेट करके और पहचान करके लोगों की संपत्तियों को जलाया गया है, उनके घर जलाए गए हैं, यह युवा प्रदर्शनकारियों का काम नहीं है।

गौरतलब है कि नेपाल में जेनजी आंदोलन के दौरान मरने वालों की संख्या 72 तक पहुंच गई है। मुख्य सचिव एक नारायण आर्यल ने प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के कार्यालय कार्यभार समारोह में यह जानकारी दी। मुख्य सचिव आर्यल ने बताया कि आंदोलन में 59 प्रदर्शनकारियों, 10 कैदियों और 3 सुरक्षाकर्मियों सहित 72 लोग मारे गए।



### हम सत्ता का स्वाद चखने नहीं आए : कार्की

प्रधानमंत्री कार्की ने कहा, मैं और मेरी टीम यहां सत्ता का स्वाद चखने नहीं आए हैं। हम 6 महीने से ज्यादा यहां नहीं रुकेंगे। हम नई संसद को जिम्मेदारी सौंप देंगे। आपके समर्थन के बिना हमें सफलता नहीं मिलेगी। उन्होंने आगे कहा, नेपाल के पुनर्निर्माण के लिए सभी हितधारकों को एकजुट होना होगा। हम हार नहीं मानेंगे। हम अपने राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए काम करेंगे। हमें जेनजेड पीढ़ी की सोच के अनुसार ही काम करना होगा।

### यह एक घटना नहीं, सोचा-समझा षडयंत्र

सुशीला कार्की ने कहा कि कई समूहों की पहचान की गई है जो इस पूरी हत्या, हिंसा, आगजनी और लूटपाट में सहभागी थे। उन्होंने कहा कि इस पूरी घटना की न्यायिक जांच कराई जाएगी। कार्की ने कहा कि इस तरह की उद्दंडता को किसी भी हालत में जायज नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह महज एक घटना नहीं बल्कि सोचा-समझा षडयंत्र है जिसकाआम लोगों के जनजीवन पर बहुत ही बुरा असर हुआ है।

### उद्योगजगत की खुलकर की तारीफ

कार्की ने कहा कि देश की आर्थिक अवस्था पहले ही बहुत खराब स्थिति से गुजर रही थी, उसी बीच इस घटना के कारण आर्थिक व्यवस्था पर वज्रपात हुआ है। उन्होंने कहा कि नेपाली नागरिक स्वयं ही मिलकर इस सदमे से ऊपर उठने में सक्षम हैं। कार्की ने उद्योग जगत की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस विषम परिस्थिति में उनके द्वारा जिस प्रकार की हिम्मत दिखाई गई है, वह काबिल ए तारीफ है।

### मृतकों को शहीद का दर्जा, मुआवजे का भी ऐलान

अपना कार्यभार संभालते ही अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने अपने पहले फैसले पर हस्ताक्षर करते हुए 8 सितंबर को सत्ता परिवर्तन के प्रदर्शन के दौरान पुलिस की गोली से मारे गए युवाओं को नेपाल की अंतरिम सरकार ने शहीद का दर्जा देने का निर्णय किया है। साथ ही इनके परिजनों को दस-दस लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की गई है। सभी घायलों के इलाज का संपूर्ण खर्च नेपाल सरकार के द्वारा करने का भी निर्णय किया गया है।

### नेपाल में कितनी तबाही मचाई गई?

नेपाल में 700-1000 से ज़्यादा छोटी-बड़ी इमारतों में तोड़फोड़ की गई थी। 30 से ज्यादा पुलिस थानों में तोड़फोड़ की गई और 5000 से ज्यादा वाहनों को भीड़ ने जला दिया। इंजीनियरों की एक आकलन टीम पूरी इमारत का निरीक्षण कर रही है। सुशीला कार्की द्वारा संपत्ति में तोड़फोड़ करने वालों की जांच के आदेश का स्थानीय और अन्य लोगों ने स्वागत किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि एक योजना है।

## बिहार में सीट शेयरिंग पर फंसा पेंच

# तेजस्वी बोले- 'सभी 243 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव' इधर मांझी ने बढ़ाया प्रेशर

एजेंसी ▶▶| पटना



बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। विधानसभा चुनाव को लेकर अभी राजनीतिक गठबंधनों में शामिल दलों के बीच सीटों का बंटवारा नहीं हुआ है। एनडीए और विपक्षी इंडिया ब्लॉक के नेता सीट शेयरिंग के मुद्दे पर मंथन कर रहे हैं। महागठबंधन में शामिल सभी घटक दल चुनाव के दौरान ज्यादा से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ने की ख्वाहिश रख रहे हैं। इस बीच तेजस्वी यादव मुजफ्फरपुर के कांटी में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण के दौरान उन्होंने मंच से कहा कि राजद सभी 243 सीटों पर तेजस्वी चुनाव लड़ेगा।

### 243 सीटों पर राजद लड़ेगा चुनाव

दरअसल, शनिवार को मुजफ्फरपुर में आयोजित एक जनसभा में पूर्व डिप्टी सीएम और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बड़ा ऐलान करते हुए सियासी सरगर्मियां बढ़ा दी। तेजस्वी ने खुले मंच से कहा कि इस बार बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर तेजस्वी चुनाव लड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि तेजस्वी संघर्ष करेगा। मेरी आपसे अपील है कि आप मेरे नाम पर वोट करें। तेजस्वी के चेहरे को देख कर वोट दीजिए। तेजस्वी बिहार को आगे ले जाने के लिए काम करेगा। इस सरकार को हटाने के लिए हम सभी को एक साथ काम करना चाहिए।

### मांझी ने बढ़ाई एनडीए की टेंशन

बिहार चुनाव में एनडीए के सहयोगी, केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के अध्यक्ष जीतन राम मांझी ने एक बार फिर से बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें 15 सीटें नहीं मिली तो अकेले ही उनकी पार्टी 100 सीटों पर चुनाव लड़ जाएगी। बिहार की हर विधानसभा सीट पर हमारी पार्टी के 10 से 15 हजार वोटर हैं। ऐसे में हम लोगों को 15 सीटें मिलें। मांझी ने कहा कि इस बार उनकी पार्टी का लक्ष्य हर हाल में मान्यता प्राप्त दल बनना है। इसके लिए पार्टी की कम से कम आठ सीटों पर जीत हासिल हो और कुल मतों का 6 फीसदी वोट मिले। ये तभी संभव है, जब हमें 15 सीटें दी जाएं। आपको बता दें एनडीए में बीजेपी, जेडीयू, चिराग पासवान की लोजपा-आर, जीतनराम मांझी की हम और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी आरएलएम शामिल है।



## गरियाबंद के मुठभेड़ में फोर्स ने मार गिराया

# डेढ़ करोड़ के नक्सली को विधायक अपहरण से मिला था जिंदगी का दूसरा मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



हरिभूमि फॉलोअप

गरियाबंद के मैनपुर विकासखण्ड के कुल्हाड़ीघाट मटाल पहाड़ी मुठभेड़ में मारा गया डेढ़ करोड़ का ईनामी नक्सली बालकृष्णा वहीं है, जिसे 90 के दशक में आंध्रप्रदेश के एक विधायक की जान के बदले जेल छोड़ा गया था। डेढ़ करोड़ का ईनामी और माओवादी संगठन की केंद्रीय समिति का सदस्य मोडम बालकृष्णा उर्फ बालन्ना उर्फ मनोज उर्फ भास्कर कुल्हाड़ी घाट की पहाड़ियों में सुरक्षाबलों के हाथों 11 सितंबर को हुई मुठभेड़ में मारा गया।

जानकारी के अनुसार 90 के दशक में आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के विधायक मंडावा वेंकटेश्वर राव का नक्सलियों ने अपहरण कर लिया था। नक्सलियों ने विधायक की रिहाई के एवज में जेलों में बंद अपने साथियों को छोड़ने की मांग रखी। उस दौर की सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार पहले टालती रही, लेकिन जब विधायक की पत्नी ने भूख हड़ताल शुरू की, तो सरकार झुक गई।

### 25 साल बाद शव लेने पहुंचे परिजन

जिला अस्पताल में जब मारे गए नक्सलियों के शव लाए गए, तब बालकृष्णा के परिजन भी पहुंचे। उसके भाई ने बताया कि बाल कृष्णा साल 1983 में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था, लेकिन स्कूली दिनों से ही माओवादी संगठन से प्रभावित होकर उससे जुड़ गया। 1999 में जेल जाने के बाद से परिवार का उससे कोई संपर्क नहीं था। आज 25 साल बाद उसके मारे जाने की खबर मिली, इसलिए वे शव लेने आए हैं ताकि उसका अंतिम संस्कार कर सकें।

### सीमा पर खड़ा किया आतंक का साम्राज्य

जेल से छूटने के बाद बालकृष्णा ने आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के जंगलों को अपना अड्डा बना लिया। संगठन ने उसे छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर विस्तार की जिम्मेदारी दी। आईईडी प्लांटिंग, हथियार सप्लाई और खून-खराबे की बड़ी घटनाओं की प्लानिंग में बालकृष्णा का नेटवर्क ही अहम कड़ी था। यही वजह रही कि सरकार ने उस पर कुल मिलाकर डेढ़ करोड़ से अधिक का ईनाम रखा था।

### क्रिकेटर केएल राहुल और पेटा-इंडिया ने केरल के मंदिर को दान किया आदमकद यांत्रिक हाथी

**त्रिशूर।** क्रिकेट खिलाड़ी केएल राहुल और पशु अधिकार समूह पेटा-इंडिया ने रविवार को केरल में भगवान विष्णु को समर्पित एक मंदिर को आदमकद यांत्रिक हाथी दान किया। पेटा-इंडिया ने बयान में कहा कि प्रतीकात्मक हाथी का नाम पद्मनाभपुरम पद्मनाभन है और यह गुरुवायुर के पास स्थित प्राचीन मंदिर श्री पद्मनाभपुरम महाविष्णु खीरम को समर्पित किया गया। श्रीकृष्ण जयंती के अवसर पर साईं संजीवनी ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वामी हरि नारायणन ने यांत्रिक हाथी का अनावरण किया।

## मां जगदम्बा को सजाने-संवारने में जुटे कलाकार...



नई दिल्ली। शारदीय नवरात्र की तैयारियां शुरू हो गई हैं। दुर्गा पूजा पंडाल में स्थापित की जाने वाली प्रतिमाओं को कलाकारों ने अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। अंतिम चरण में प्रतिमाओं का रंग रोगन और वस्त्र तथा आभूषण पहनाए जाते हैं। विभिन्न जगहों में बन रही प्रतिमाओं में छोटे आकार की मूर्तियां अपने गंतव्य की ओर रवाना भी हो गई हैं।

# छवि सुधारने में लगा पाकिस्तान, टीटीपी के 45 आतंकी मार गिराए

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

आतंकवाद के मुद्दे पर दुनियाभर में अपनी बेइज्जती करवा चुके पाकिस्तान को अब अपनी छवि सुधारने की चिंता सताने लगी है। इसीलिए पाकिस्तान ने आतंकियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया है और टीटीपी के 45 आतंकी मार गिराए हैं। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुई मुठभेड़ में 45 आतंकी मारे गए हैं और करीब 19 सैनिकों की भी मौत हुई है। मारे गए आतंकी तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के बताए जा रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि पाकिस्तान ने दुनिया को दिखाने के लिए ये कार्रवाई की है क्योंकि उस पर हमेशा से ये आरोप लगते रहे हैं कि उसने आतंकियों को पनाह दी है। इस बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का बयान भी सामने आया और उन्होंने शनिवार को आतंकवादियों का पूरी ताकत के साथ मुकाबला करने की प्रतिबद्धता जताई।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- यह न्याय की मांग नहीं, सोच-समझ कर की गई प्रताड़ना है

# पति की मौत के बाद शादी कर बूढ़े सास-ससुर पर लादा केस; हाईकोर्ट ने महिला पर ठोका जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पति की मौत के बाद शादी कर के बुजुर्ग सास-ससुर को मुकदमेबाजी में घसीटने वाली एक महिला को दिल्ली हाईकोर्ट ने कड़ा सबक सिखाया है। अदालत ने महिला पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। महिला ससुराल पक्ष को लगातार मुकदमों में घसीट रही थी। अदालत ने पाया कि महिला के पति की मृत्यु हो चुकी है। यहां तक की उसने खुद भी दूसरी शादी कर ली है। बावजूद उसकी ओर से बुजुर्ग सास-ससुर को कोर्ट-कचहरी में घसीटा जा रहा है।

**यह तो सिर्फ और सिर्फ उत्पीड़न : कोर्ट :** निचली अदालत ने महिला की शिकायत पर अपने आदेश में बुजुर्ग ससुराल पक्ष को घरेलू हिंसा कानून 2005 के तहत मामले में दोबारा शामिल करने का निर्देश दिया था। जस्टिस अरुण मोंगा की पीठ ने कहा कि महिला का यह रवैया न्याय कहलाने लायक नहीं है। यह तो सिर्फ और सिर्फ उत्पीड़न है, जिसे कानूनी प्रक्रिया का नाम दिया जा रहा है।





**परेशान ही नहीं, अदालत का कीमती वक्त भी बर्बाद किया :** जस्टिस अरुण मोंगा की पीठ ने कहा कि महिला ने ना केवल कानून का दुरुपयोग कर ससुराल पक्ष को परेशान किया है, वरन उसने अदालत का बेहद कीमती वक्त भी बर्बाद किया है। वह निचली अदालत में लगातार पूर्व पति के परिवार वालों को कटघरे में खड़ा करती रही है।

**क्या था पूरा मामला? :** बता दें कि महिला की याचिका पर निचली अदालत ने पूर्व पति के परिवार को घरेलू हिंसा के आरोपों में समन किया था। इस समन को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने बुजुर्ग सास-ससुर की याचिका को स्वीकार करते हुए उस पर सुनवाई करने का फैसला किया था। सुनवाई जस्टिस अरुण मोंगा की अदालत में हुई। पीठ ने इंसाफ करते हुए महिला पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

### कोर्ट ने कहा- बदले की भावना से किया परेशान

जस्टिस अरुण मोंगा की अदालत ने कहा कि महिला ने ससुराल वालों को केवल बदले की भावना से कानून का दुरुपयोग करते हुए परेशान किया है। अदालत ने कहा कि महिला का आचरण कानून की प्रक्रिया के दुरुपयोग का सीधा उदाहरण है। पति की मौत के बाद भी महिला अपने सास-ससुर को लगातार मुकदमों में उलझाकर उनको परेशान कर रही है। वह बूढ़े सास-ससुर का उत्पीड़न करते हुए उनका सार्वजनिक अपमान कर रही है।

### यह सोच-समझ कर की गई प्रताड़ना

अदालत ने कहा कि यह न्याय की मांग नहीं वरन सोच-समझ कर की गई प्रताड़ना है। जस्टिस अरुण मोंगा ने कहा कि महिला ने दोबारा शादी कर ली, लेकिन फिर भी वह अपने मृत पति के बुजुर्ग माता-पिता को परेशान कर रही है। वह बार-बार उनको कोर्ट में घसीट रही है।

रायपुर
सोमवार, 15 सितंबर 2025
आश्विन कृष्ण पक्ष नवमीं
वर्ष: 24, अंक: 60
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य: 5.00**


मौसम
अधि. 34.8
न्यून. 25.2

# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com





04 उड़ती चिड़िया का टैटू गुदवाया
विचार पेज
02 डिजिटल क्रांति से आर्थिक बदलाव







# पिंक स्टोन से बने शांति शिखर भवन में शांति और सुकून के साथ मिलेगी मेडिटेशन की शिक्षा, 31 को मोदी करेंगे लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

सात साल की कड़ी मशक्कत के बाद नवा रायपुर में डेढ़ एकड़ में तैयार हुए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का एकेडमी फॉर ए पीसफुल वर्ल्ड- शान्ति शिखर भवन का लोकार्पण 31 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। जयपुर के पिंक स्टोन की मदद से राजस्थान की नक्काशी को इस भवन में समेटने का प्रयास किया गया है। भवन में भव्य वातानुकुलित ऑडिटोरियम के साथ अलग-अलग क्षमता वाले चार सेमीनार हॉल बनाए गए हैं। मेडिटेशन के लिए तैयार योग अनुभूति कक्ष मन को सुकून और शांति प्रदान करेगा। यहां आगंतुकों के लिए विशेष कक्ष के साथ अन्य सुविधाओं का ख्याल भी रखा गया है। नवा रायपुर के कयाबांधा सेक्टर-20 में तैयार किए गए इस ▶▶|शेष पेज 5 पर

## नवा रायपुर में जयपुर के पिंक स्टोन से आकर्षक भवन, भव्य वातानुकूलित ऑडिटोरियम और सेमीनार हॉल की सुविधा



### राज्य निर्माण के दौरान की परिकल्पना

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय रायपुर की संचालिका सविता दीदी ने बताया कि इंदौर जोन के डायरेक्टर ओमप्रकाश भाईजी की राज्य निर्माण के दौरान सोच थी कि छत्तीसगढ़ में ईश्वरीय विश्वविद्यालय का एक भवन होए जहां लोगों को तनावमुक्त जीवन में शांति प्रदान करने के लिए मेडिटेशन की शिक्षा दी जा सके। कमला दीदी की मदद से इस परिकल्पना को साकार किया गया। कयाबांधा सेक्टर-20 नवा रायपुर में डेढ़ एकड़ जमीन लेकर उसमें आध्यात्मिक शिक्षण संस्थान का रूप दिया गया। भवन का निर्माण बहुत ही सुंदर तरीके से किया गया है और इसके निर्माण में आधुनिकता के साथ सुरक्षा का ध्यान रखा गया है।



### मेडिटेशन तनाव मुक्त करने में कारगर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय विश्व–प्रसिद्ध आध्यात्मिक शिक्षा संस्थान है, जिसका मुख्य उद्देश्य मानव जीवन में शांति, प्रेम, सत्य और आत्मिक शक्तियों का जागरण करना है। यह संस्था विगत आठ दशकों से राजयोग ध्यान, मूल्यनिष्ठ जीवनशैली एवं आत्मज्ञान के प्रसार द्वारा समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है। संस्थान द्वारा विधानसभा मार्ग में शांति सरोवर का संचालन भी किया जाता है इसके अलावा राज्य में विभिन्न स्थानों में सेंटरों का संचालन किया जाता है।

### प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना, असम को दी सौगात

# पीएम मोदी बोले- भारतीय सेना के बजाय पाक आतंकवादियों का समर्थन कर रही कांग्रेस

एजेंसी ▶▶| मंगलदई

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम में आयोजित एक कार्यक्रम में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस देश की सेना का समर्थन करने के बजाय पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवादियों का समर्थन कर रही है। उन्होंने कांग्रेस पर घुसपैठियों और राष्ट्र-विरोधी ताकतों को संरक्षित करने का आरोप लगाया। असम यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने असम को करोड़ों की सौगात दी।*

असम के दरंग जिले के मंगलदोई में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि भाजपा घुसपैठियों को जमीन हड़पने नहीं देगी। न ही जनसांख्यिकी बदलने की उनकी साजिश को कामयाब होने देगी। मोदी ने कहा, कांग्रेस भारतीय सेना का समर्थन करने के बजाय पाकिस्तान द्वारा पाले गए आतंकवादियों का समर्थन करती है। कांग्रेस 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे को नष्ट करने वाले हमारे सशस्त्र बलों का समर्थन करने के बजाय घुसपैठियों और राष्ट्र-विरोधी ताकतों को बचाने में लगी रही। मोदी ने कहा कि मां कामाख्या के आशीर्वाद से ही 'ऑपरेशन सिंदूर' सफल हुआ है और इस पावन भूमि पर आकर उन्हें गौरव महसूस हो रहा है। प्रधानमंत्री ने यह भी दावा किया, 1962 में चीनी आक्रमण के दौरान जवाहरलाल नेहरू द्वारा असम के लोगों को दिए गए घाव अभी तक नहीं भरे हैं। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की अतिक्रमण की गई ▶▶|शेष पेज 5 पर

- पुल और रिंग रोड परियोजना की रखी आधारशिला
- बांस आधारित इथेनॉल संयंत्र का किया उद्घाटन



### पूर्वोत्तर में कनेक्टिविटी पर ध्यान

पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार पूर्वोत्तर में कनेक्टिविटी पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जिससे व्यवसायों को मदद मिली है और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। सरकार असम की संस्कृति की रक्षा और राज्य में विकास सुनिश्चित करने प्रतिबद्ध है।

### 6,300 करोड़ की रखी आधारशिला

कार्यक्रम के दौरान मोदी ने मंगलदई में 6,300 करोड़ रुपए की स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने एक नर्सिंग कॉलेज और एक जीएनएम स्कूल के साथ-साथ दारंग मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की भी आधारशिला रखी।

### घुसपैठियों को बाहर निकालने के लिए सीएम हिमंता की तारीफ

प्रधानमंत्री ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की अतिक्रमित भूमि से घुसपैठियों को बाहर निकालने के लिए प्रशंसा की। उन्होंने कहा, भाजपा घुसपैठियों को जमीन हड़पने, महिलाओं और लड़कियों का अपमान करने और जनसांख्यिकी बदलने की साजिश नहीं करने देगी, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें कांग्रेस द्वारा भारत रत्न से सम्मानित भूपेन हजारिका के अपमान पर दुख हुआ है।

### नुमालीगढ़ में 12,230 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन

प्रधानमंत्री ने नुमालीगढ़ में 5,000 करोड़ रुपए की लागत वाले बांस आधारित इथेनॉल संयंत्र का रविवार को उद्घाटन किया। मोदी ने नुमालीगढ़ रिफाइनरी में 7,230 करोड़ रुपए की 'पेट्रो फ्लूइडाइज्ड कैटेलिटिक क्रैकर इकाई' की आधारशिला भी रखी। दुनिया का पहला, दूसरी पीढ़ी का बायोइथेनॉल संयंत्र एक 'शून्य अपशिष्ट' प्रतिष्ठान है, जो बांस के पौधे के सभी हिस्सों का इस्तेमाल करेगा। इससे राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को 200 करोड़ रुपए का बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यह संयंत्र पूर्वोत्तर के चार राज्यों से पांच लाख टन हरा बांस प्राप्त करेगा, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 50,000 से अधिक लोगों को लाभ होगा। अधिकारियों के मुताबिक, मोदी ने पॉलीप्रोपाइलीन संयंत्र की आधारशिला रखी है।

# सरकार का बड़ा निर्णय, शासकीय कॉलेजों में होगी 700 पदों पर भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उच्च शिक्षा में विभिन्न रिक्त पदों पर भर्ती हेतु बड़ा निर्णय लिया गया है। इससे प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी और शासकीय महाविद्यालयों में रिक्त पदों की कमी को दूर किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार तथा उच्च शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर वित्त विभाग ने 700 पदों पर भर्ती की अनुमति प्रदान की है। यह आदेश युवाओं के लिए आशा और अवसर की नई किरण लेकर आया है। भर्ती हेतु स्वीकृत पदों में सहायक प्राध्यापक के 625 पद शामिल किए गए हैं।

इन पदों पर भर्ती होने से महाविद्यालयों में पढ़ाई की गुणवत्ता और शोध कार्यों में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिलेगा। इसी क्रम में क्रीड़ा अधिकारी के 25 पदों पर भर्ती की स्वीकृति दी गई है। इन पदों की नियुक्ति से महाविद्यालयों में खेलकूद और शारीरिक शिक्षा की गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त ग्रंथपाल के 50 पदों पर भी भर्ती की स्वीकृति दी गई है। ग्रंथपालों की नियुक्ति से पुस्तकालयों का बेहतर संचालन होगा और विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री ▶▶|शेष पेज 5 पर

## वित्त विभाग ने लगाई मुहर



### इन पदों पर भर्ती

| | |
|---|---|
| 625 | सहायक प्राध्यापक |
| 25 | क्रीड़ा अधिकारी |
| 50 | ग्रंथपाल |

### चौधरी ने कहा- शिक्षा को प्राथमिकता

वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा को प्राथमिकता दे रही है। शासकीय महाविद्यालयों में 700 पदों पर भर्ती की स्वीकृति इसी दिशा में एक बड़ा निर्णय है। इस पहल से एक ओर जहां युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे, वहीं दूसरी ओर प्रदेश ▶▶|शेष पेज 5 पर

### साय बोले- एक ऐतिहासिक कदम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और उच्च शिक्षा संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण वातावरण निर्मित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। महाविद्यालयों में रिक्त 700 पदों पर भर्ती होने से न केवल महाविद्यालयों में शैक्षणिक स्तर सुदृढ़ होगा, बल्कि विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और सीखने के अवसर भी प्राप्त होंगे। यह पहल आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सशक्त बनाने के साथ शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करेगी।

# युक्तियुक्तकरण के बाद भी नहीं दी ज्वॉइनिंग, 4 शिक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जिला व संभाग की समितियों में सुनवाई कई शिक्षकों का रोका गया वेतन

युक्तियुक्तकरण के बाद भी ज्वॉइनिंग नहीं देने वाले शिक्षकों पर गाज गिरनी प्रारंभ हो गई है। कोरबा जिला में युक्तियुक्तकरण के बाद ज्वाइनिंग नहीं देने वाले 4 शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। वहीं युक्तियुक्तकरण के बाद आबंटित स्कूलों में ज्वाइनिंग नहीं करने वाले कई शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस ▶▶|शेष पेज 5 पर

### दूरस्थ अंचल में मिली है पदस्थापना

जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा ने बताया कि शासन द्वारा जारी युक्तियुक्तकरण निर्देश के तहत कोरबा जिले के प्राथमिक शाला के 292 सहायक शिक्षक एवं 15 प्रधान पाठक तथा माध्यमिक शाला के 153 शिक्षक एवं प्रधानपाठक अतिशेष के रूप में चिन्हांकित ▶▶|शेष पेज 5 पर

सट्टेबाजी एप मामला

# अभिनेत्री उर्वशी और मिमी को ईडी ने किया तलब

**नई दिल्ली।** फिल्म एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला और मिमी चक्रवर्ती की मुश्किलों बढ़ सकती हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें तलब किया है। ये मामला बेटिंग ऐप 1एक्स बेट से जुड़ा हुआ है। इस सट्टेबाजी ऐप का प्रचार करने के आरोप में पहले भी उर्वशी से पूछताछ हो चुकी है। अब एक बार फिर से उन्हें समन जारी हुआ है, साथ ही मिमी चक्रवर्ती को भी तलब किया गया है। उर्वशी रौतेला को पूछताछ के लिए 16 सितंबर को ईडी के दिल्ली मुख्यालय में पेश होना होगा।

### ये सितारे भी जांच के घेरे में

इस मामले में अभिनेता और क्रिकेटर्स में विजय देवरकोंडा, प्रकाश राज, हरभजन सिंह, राणा दग्गुबाती, सुरेश रैना, शिखर धवन, युवराज सिंह और हरभजन सिंह जैसे नाम शामिल हैं। इन स्टार्स को भी पहले समन जारी हो चुका है।




## चिंतन

# अपने बयानों से बार-बार फजीहत करवा रहे ट्रंप

दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कब क्या कह दें, कब क्या कर दें, कोई समझ ही नहीं सकता। अपने बेतुके बयानों और फैसलों से अपनी तो फजीहत करा ही रहे हैं, दुनियाभर को भी उलझन में डाले हुए हैं। उनके जो मन में आए, वह करने को स्वतंत्र हैं, लेकिन यदि वे यह समझ रहे हैं कि भारत, रूस, चीन समेत दुनिया के अन्य देश उनकी दादागीरी के आगे झुक जाएंगे तो इसकी संभावना दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही है। क्योंकि भारत समेत अनेक देशों ने उन्हें जवाब देना शुरू कर दिया है। उनका अहंकार सिर चढ़कर बोल रहा है। यह भी दिख रहा है कि वे कुंठा से ग्रस्त होकर विवेक खो रहे हैं। दुनिया को भी एक कुंठित-अहंकारी अमेरिकी राष्ट्रपति के अहं को तुष्ट करने के बजाय उसका सामना साहस और संयम से करने के लिए कमर कस लेनी चाहिए। ट्रंप दुनियाभर के देशों को रूस से व्यापार न करने की धमकी दे रहे हैं। इसी कारण भारत पर अमेरिका ने 50 फीसदी टैरिफ लगाया है, लेकिन यूरोपीय संघ का वर्ष 2024 में रूस के साथ 67.5 अरब यूरो का द्विपक्षीय कारोबार था। यह भारत के रूस से कुल कारोबार से ज्यादा रहा है। यूरोप और रूस में अभी भी उर्वरक, खनन उत्पादों, रसायन, लोहा व इस्पात आदि का कारोबार हो रहा है। जहां तक अमेरिका की बात है तो वह अभी भी रूस से यूरेनियम की खरीद कर रहा है। अपने इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के लिए रूस से पैलेडियम खरीद रहा है। ट्रंप इस पर कभी बात नहीं करते। अब उन्होंने एक बार फिर टैरिफ का राग छेड़ा है। ट्रंप ने शनिवार को कहा कि नाटो देश रूस से तेल खरीदना बंद कर दें। साथ ही चीन पर रूस से तेल खरीद के लिए 50 से 100 फीसदी तक टैरिफ लगाया जाए। ऐसा होने पर रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म होने का रास्ता बन सकता है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में नाटो देशों और चीन की बात की लेकिन भारत का नाम नहीं लिया। ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया साइट पर पोस्ट में लिखा, 'नाटो की जीत के लिए प्रतिबद्धता अब तक 100 फीसदी से काफी कम रही है। कुछ देशों की रूसी तेल की खरीद चौंकाने वाली है। इससे रूस के साथ आपकी समझौते की पोजीशन और बार्गेनिंग पावर कमजोर होती है। मैं प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हूं, जब नाटो देश तेल खरीद रोकने के लिए तैयार हों तो बताएं'। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर के अनुसार, 2023 से नाटो सदस्य तुर्की, चीन और भारत के बाद रूसी तेल का तीसरा सबसे बड़ा खरीदार रहा है। रूसी तेल खरीदने में शामिल 32 देशों के गठबंधन के अन्य सदस्यों में हंगरी और स्लोवाकिया भी शामिल हैं। इन देशों की ओर से ट्रंप के बयान पर प्रतिक्रिया नहीं आई है। उन्होंने भारत पर चुप्पी साधते हुए चीन पर भारी टैरिफ 100 फीसदी तक का प्रस्ताव दिया है। ये वही ट्रंप हैं, जो कुछ दिनों पहले तक चीन पर किसी प्रकार का अतिरिक्त टैरिफ लगाने से इनकार कर रहे थे। असल में रूस-युक्रेन युद्ध रुकवाने में अब तक असफलता और टैरिफ लगाने के बाद भारत को न झुका पाने के कारण ट्रंप हताश हो रहे हैं। उन्हें लगता था कि वे धमकी देकर किसी को भी झुका सकते हैं, लेकिन भारत ने उनके दबाव को मानने से साफ इनकार कर दिया। एससीओ समिट ने ट्रंप के जख्म पर नमक डालने का काम किया। जहां भारत, रूस और चीन के मधुर होते संबंधों ने उन्हें तनाव में ला दिया है। वे कभी भारत को निशाने पर ले रहे हैं तो कभी चीन को। अगर ट्रंप युद्ध रुकवाना चाहते हैं तो उन्हें टैरिफ की बजाए कूटनीति पर भरोसा करना होगा। जो न केवल अमेरिका बल्कि पूरी दुनिया के लिए अच्छा होगा।



नवाचार
राव इंद्रजीत सिंह

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक के मार्गदर्शन में विकसित एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई) ने भारतीयों के लेन-देन के तरीके में क्रांति ला दी है। किसी मित्र को पैसे भेजने के एक अनूठे तरीके के रूप में शुरू किया गया यह तरीका शीघ्र ही छोटे व्यवसायों, सब्ज़ी विक्रेताओं और गिग वर्कर्स की जीवनरेखा बन गया। आज, भारत में प्रति माह 17 बिलियन से अधिक यूपीआई के माध्यम से लेनदेन होते हैं। जैसे-जैसे भारत अपने 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, नए आयाम उभर रहे हैं, एआई-सक्षम शासन, विकेन्द्रीकृत वाणिज्य, और बहुभाषी, मोबाइल-प्रथम डिजिटल सेवाएं जो सबसे गरीब व्यक्ति तक पहुंच सकती हैं।

# डिजिटल क्रांति से आर्थिक बदलाव

पिछले एक दशक में भारत में एक ऐसी डिजिटल क्रांति आई है जो असाधारण है। जो प्रक्रिया लक्षित प्रौद्योगिकीय अंतःक्षेपों की एक श्रृंखला के रूप में शुरू हुई थी, वह अब एक व्यापक परिवर्तन के रूप में विकसित हो चुकी है, जो भारतीय जीवन के लगभग हर पहलू जैसे अर्थव्यवस्था, शासन, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, वाणिज्य, और देश के कोने-कोने में बसे किसानों और छोटे उद्यमियों के जीवन को भी प्रभावित कर रही है। यह यात्रा आकस्मिक नहीं थी। इसे भारत सरकार द्वारा ठोस नीति निर्धारण, अंतरमंत्रालयी सहयोग और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता के माध्यम से सावधानीपूर्वक प्रबंधित किया गया है। जब संबद्ध मंत्रालयों जैसे इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), वित्त मंत्रालय (एमओएफ), कृषि मंत्रालय, और अन्य मंत्रालयों ने बड़े पैमाने में ज़मीनी स्तर पर परियोजनाओं को पूरा किया तो दूसरी ओर नीति आयोग ने अभिसरण को बढ़ावा देकर, विचारों को नेतृत्व देकर, और स्केलेबल, नागरिक-प्रमुखता वाले नवाचारों की ओर प्रणाली को प्रेरित कर नीति इंजन का काम किया है।

जन धन-आधार-मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी की शुरुआत के साथ इसमें एक महत्वपूर्ण मोड़ आया है। लगभग 55 करोड़ बैंक खातों के खोलने के साथ-साथ, करोड़ों लोगों को, जो पहले वित्तीय प्रणाली की पहुंच से बाहर थे, उन्हें अकस्मात बैंकिंग व्यवस्था और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण तक पहुंच प्राप्त हुई है। ओडिशा के एक छोटे से गांव में पहली बार बिना बिचौलिए की सहायता से एक सिंगल मदर को कल्याणकारी लाभ सीधे उनके खाते में प्राप्त करने में सक्षम बनाया गया। उनकी कहानी भारत भर के करोड़ों लोगों की कहानी बन गई है। यह वृहद वित्तीय समावेशन आंदोलन वित्त मंत्रालय के समर्थन और आधार तथा मोबाइल पैठ की सक्षम सहायता से अगला कदमः एक वित्तीय-प्रौद्योगिकी विस्फोट का आधार बना। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक के मार्गदर्शन में विकसित एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई) ने भारतीयों के लेन-देन के तरीके में क्रांति ला दी है। किसी मित्र को पैसे भेजने के एक अनूठे तरीके के रूप में शुरू किया गया यह तरीका शीघ्र ही छोटे व्यवसायों, सब्ज़ी विक्रेताओं और गिग वर्कर्स की जीवनरेखा बन गया। आज, भारत में प्रति माह 17 बिलियन से अधिक यूपीआई के माध्यम से लेनदेन होते हैं, और यहां तक कि सड़क किनारे के विक्रेता वाले भी एक साधारण क्यूआर कोड के ज़रिए डिजिटल भुगतान स्वीकार कर रहे हैं। इसी दौरान, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत भारत के डिजिटल अवसंरचना के मुख्य तंत्र को धीरे-धीरे और निरंतरता से तैयार किया जा रहा है। भारतनेट जैसी परियोजनाओं ने दो लाख से अधिक ग्राम पंचायतों तक ब्रॉडबैंड पहुंचाया है, जबकि इंडिया स्टैक ने कागज़-रहित, उपस्थिति-रहित और नकदी-रहित सेवाओं का ढाँचा तैयार किया। डिजी-लॉकर ने छात्रों को अपने प्रमाणपत्र डिजिटल रूप में रखने और ई-हस्ताक्षर ने महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों के लिए दूरस्थ प्रमाणीकरण प्रदान किया। डिजी-यात्रा एक अग्रणी पहल है जो चेहरे के पहचान की तकनीक का उपयोग करके निर्बाध, कागज़-रहित और संपर्क-रहित हवाई यात्रा को संभव बनाती है।




यह त्वरित चेक-इन, बेहतर यात्री अनुभव और बेहतर हवाई अड्डे की क्षमता में सुधार सुनिश्चित करती है, साथ ही विकेंद्रीकृत पहचान प्रबंधन के माध्यम से डेटा गोपनीयता की सुरक्षा भी करती है। यह भारतीय विमानन के भविष्य की तैयारी और यात्री-अनुकूल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ये मात्र ऐप ही नहीं हैं - ये एक डिजिटल गणराज्य की आधारशिला हैं। डिजिटल गवर्नेंस ने भी गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) के शुभारंभ के साथ बड़ी उछाल लगाई है। सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिए डिज़ाइन किए गए, जेमने 1.6 लाख से अधिक सरकारी क्रेताओं को 22 लाख से अधिक विक्रेताओं से जोड़ा है। राजस्थान के एक छोटे हस्तशिल्प विक्रेता के लिए, इसका अभिप्राय सरकारी संविदाओं तक पहुंच प्रदान करना था जो पहले अकल्पनीय था। कृषि क्षेत्र, जिसे प्रायः परिवर्तन के प्रतिरोधी के रूप में देखा जाता है, ने भी डिजिटल साधनों को अपनाना शुरू कर दिया है। पीएम-किसान जैसे प्लेटफॉर्म ने यह सुनिश्चित किया कि आय सहायता किसानों तक सीधे पहुंचे। ई-नैम ने राज्यों की कृषि मंडियों को जोड़ा, जिससे किसानों को अपनी उपज के बेहतर दाम मिल सके। डिजिटल मृदा स्वास्थ्य कार्ड ने उन्हें यह समझने में मदद की कि उन्हें कौन सी फसलें उगानी चाहिए और अपनी भूमि में कौन से पोषक तत्वों का प्रयोग करना चाहिए। झारखंड के ग्रामीण-क्षेत्रों में, स्थानीय उद्यमियों द्वारा संचालित सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) उनके लिए एक प्रकार से डिजिटल जीवन रेखा बन गए, जो टेली-मेडिसिन से लेकर बैंकिंग और कौशल विकास कार्यक्रमों तक, हर चीज की पेशकश करते हैं। महामारी भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के लिए एक कठिन परीक्षा थी जिसमें हम बखूबी सफल हुए। स्कूल बंद होने के बावजूद, दीक्षा और स्वयं जैसे प्लेटफॉर्मों ने यह सुनिश्चित किया कि पढ़ाई अनवरत चलती रहे। इसके साथ ही, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन ने अपना आकार लिया, जिससे नागरिकों को एक डिजिटल आईडी के माध्यम से अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक पहुंच प्राप्त हुई और अस्पतालों एवं राज्यों में एक सहज वातावरण बन सका।

वाणिज्य में भी एक शांत क्रांति देखी गई। डीपीआईआईटी की एक पहल, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) अब छोटी किराना दुकानों और हथकरघा बुनकरों को बड़ी ई-कामर्स कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बना रही है। डिजिटल कॉमर्स के कार्यों को एकीकृत करके, ओएनडीसी प्रतिस्पर्धा के मैदान को समतल कर रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छोटे व्यवसाय आसानी से लॉजिस्टिक्स, भुगतान और ग्राहक प्रतिक्रिया प्रणालियों तक पहुँच सकें। नीति आयोग की अभिसरण भूमिका-मंत्रालयों, राज्यों, स्टार्टअप्स और उद्योग जगत को एकजुट करना है, जो सुनिश्चित करता है कि डिजिटल सार्वजनिक वस्तुएं अंतर-संचालनीय, समावेशी और स्केलेबल हों। जैसे-जैसे भारत अपने 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, नए आयाम उभर रहे हैं, एआई-सक्षम शासन, विकेन्द्रीकृत वाणिज्य, और बहुभाषी, मोबाइल-प्रथम डिजिटल सेवाएं जो देश के सबसे गरीब व्यक्ति तक पहुंच सकती हैं। लेकिन यह सिर्फ़ एक सरकारी सफलता से जुड़ी कहानी नहीं है। यह एक राष्ट्र की कहानी है, करोड़ों नागरिकों की कहानी है जिन्होंने बदलाव को अपनाया, उद्यमियों की कहानी है जो डिजिटल रेल पर आगे बढ़े, और स्थानीय लीडरों की कहानी है जिन्होंने सेवा वितरण की नई कल्पना की। भारत का डिजिटल दशक सिर्फ़ तकनीक का नहीं है, यह बदलाव का दशक भी है और यह कहानी का अभी प्रारंभिक चरण ही है।

(लेखक केंद्रीय राज्यमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।



पर्यावरण
ज्ञानेन्द्र रावत

# दुनियाभर में जंगलों की तबाही का मंडराया खतरा

दुनिया में आज जलवायु परिवर्तन से मुकाबले की दिशा में पेड़ और जंगलों की महत्ता की चर्चा जोरों पर है। इसका अहम कारण जलवायु परिवर्तन के कारण समूची दुनिया में संतुलित और समग्र विकास के लक्ष्य का लगातार भीषण चुनौती बनकर सामने आना है। दुनिया में जिस तेजी से पेड़ों की तादाद कम होती जा रही है, उससे पर्यावरण तो प्रभावित हो ही रहा है, पारिस्थितिकी, जैव विविधता, कृषि और मानवीय जीवन ही नहीं, बल्कि भूमि की दीर्घकालिक स्थिरता पर भी भीषण खतरा पैदा हो गया है। जहां तक जंगलों के खत्म होने की गति का सवाल है,उसे देखते हुए ऐसा लगता है कि वह दिन दूर नहीं जब दुनिया से जंगलों का नामोनिशान तक मिट जायेगा और वह किताबों की वस्तु बनकर रह जायेंगे। हकीकत में हर साल दुनिया में एक करोड़ हेक्टेयर जंगल लुप्त होते जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र भी इसकी पुष्टि करता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दुनिया में कीडे-मकोडे भी 3.5 करोड़ हैक्टेयर जंगल हर साल बर्बाद कर रहे हैं। इससे ऐसा लगता है कि इंसान तो क्या दूसरे जीव भी जीवन के लिए जरूरी पेड़ों-जंगलों के दुश्मन बनते जा रहे हैं। यदि देश की बात करें तो अकेले उत्तराखंड में बीते 8-9 बरसों के दौरान ढाई लाख से ज्यादा पेड़ काट दिये गये हैं। इनमें एक लाख से ज्यादा पेड़ आल वैदर रोड के नाम पर और शेष पर्यटन, देहरादून से लेकर दिल्ली तक सड़क चौडीक़रण, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना व सुरंग आधारित परियोजनाओं आदि के नाम पर देवदार, बांज, राई, कैल जैसी दुर्लभ प्रजातियों के पेड़ों का अस्तित्व ही मिटा दिया गया है। पिछले बीस सालों के दौरान 40,000 हेक्टेयर जंगल आग की समाधि बने हैं जिसमें लाखों पेड़ जलकर राख हो गये हैं। विकास के नाम पर पेड़ों के अंधाधुंध कटान का सिलसिला पूरे देश में जारी है। पहाड़ दुनिया के 85 फीसदी से ज्यादा पक्षियों, स्तनधारियों और उभयचरों के आश्रय स्थल हैं। इस बारे में एशिया, उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका, अफ्रीका और यूरोप का जायजा लें तो पाते हैं कि पहाड़ी जंगलों के खात्मे की दर में एशिया 39.8 मिलियन हैक्टेयर वन नुकसान के मामले में सर्वोपरि है। गौरतलब है कि हर साल जितना जंगल खत्म हो रहा है, वह एक लाख तीन हजार वर्ग किलोमीटर में फैले देश जर्मनी, नार्डिक देश आइसलैंड, डेनमार्क, स्वीडन और फिनलैंड जैसे देशों के क्षेत्रफल के बराबर है। लेकिन सबसे बड़े दुख की बात यह है कि इसके अनुपात में नये जंगल लगाने की गति बेहद धीमी है। लंदन के थिंक टैंक एनर्जी ट्रांसमिशन कमीशन की मानें तो समूची दुनिया में हर मिनट औसतन दस फुटबाल मैदान के बराबर यानी 17.60 एकड़ जंगल काटे जा रहे हैं। बीते 30 सालों में 42 करोड़ हैक्टेयर जंगल को मैदान बना दिया गया है। बढ़ते तापमान, भयावह सूखा, वनों की अंधाधुंध कटाई और जंगलों में आग की बढ़ती घटनाओं के चलते अमेजन के जंगल खतरे के दायरे में हैं। हकीकत में अब अमेजन के लिए 'रेड अलर्ट' का ऐलान करने का समय आ गया है। इसमें जलवायु परिवर्तन के चलते पड़ने वाले सूखा और गर्मी व आग सहित बहुतेरे कारकों की बड़ी भूमिका है। जंगलों के खात्मे में आग भी एक अहम कारक है जिसके चलते दुनिया में हर साल लाखों हैक्टेयर जंगल आग की भेंट चढ़ जाते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार अमेजन वनों का लगभग आधा हिस्सा 2050 तक खत्म हो जाएगा। 1990-2020 के बीच के तीस वर्षों में 42 करोड़ हैक्टेयर जंगलों का खात्मा हुआ है। यदि मैरीलैंड यूनीवर्सिटी और वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट के ग्लोबल वाच की हालिया रिपोर्ट की मानें तो भारत में 2023 के दौरान 21,672 हैक्टेयर जंगल खत्म हो गये। देश में 2022 में 21,839 हैक्टेयर जंगलों का खात्मा हुआ। इसमें भारत देश के पांच राज्यों यथा आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, उत्तराखंड, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश शीर्ष पर हैं जहां देश में आग से सबसे ज्यादा जंगल तबाह हुए हैं और यह सिलसिला आज भी जारी है। जैव विविधता को संरक्षित करने में वन की उपयोगिता जगजाहिर है लेकिन विडम्बना है कि हम उन्हीं के साथ खिलवाड़ कर अपने जीवन के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। बीते तीन दशक इसके सबूत हैं कि उनमें हमने तकरीबन एक अरब वन मानवीय स्वार्थ के चलते खत्म कर दिये हैं। दुख इस बात का है कि जंगल बचाने की लाख कोशिशों के बावजूद दुनिया में वनों की कटाई में और तेजी आई है। मौजूदा दौर की हकीकत यह है कि दुनिया में हर मिनट 21. 1 हैक्टेयर में फैले जंगलों का खात्मा हो रहा है। देखा जाये तो जल, जंगल और जमीन के मुद्दे आपस में गहरे तक जुड़े हुए हैं। प्राकृतिक संसाधनों का उचित प्रबंधन आज की सबसे बड़ी जरूरत है। तभी सामुदायिक प्रयासों को प्रोत्साहित कर धरती को बचाया जा सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# निंदा का परित्याग



संकलित
दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में निर्वहन के लिए व्यक्ति के सामाजिक गुणों का अत्यंत महत्व है। गुणी व्यक्ति को प्रत्येक जगह सम्मान की प्राप्ति होती है। संसार के प्रत्येक प्राणी में कुछ गुण तो कुछ अवगुण पाए जाते हैं, परंतु कुछ लोग हैं जो दूसरे के अवगुणों को ही देखते हैं। वे किसी भी सकारात्मक पक्ष में नकारात्मकता देखने के अभ्यस्त हो जाते हैं। प्रायः ऐसे लोगों में निंदा की प्रवृत्ति पाई जाती है। वे ऐसा करके खुद को समाज में श्रेष्ठ एवं दूसरे को नीचा साबित करना चाहते हैं। निंदा एक नशे की भांति है, जो एक बार इसका आदी हो गया, वह दिन-प्रतिदिन इसके पाश में जकड़ता चला जाता है। मनीषियों ने निंदा को दुर्व्यसन के समान माना है, जो निंदा करने वाले व्यक्ति को अंदर ही अंदर नैतिक रूप से समाप्त करती रहती है। एक बार एक आचार्य अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे। शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक शिष्य अन्य शिष्यों की ओर संकेत करते हुए आचार्य से कहने लगा कि 'वे अपना कार्य सही से नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है इन लोगों को कार्य करना ही नहीं आता।' आचार्य बोले, 'तुमको छोड़ अन्य सारे शिष्य सही से कार्य कर रहे हैं।' इस पर शिष्य असहज हो गया। उसने आचार्य से पूछा, 'वह कैसे?' आचार्य बोले, 'क्योंकि वे लोग अपने कार्य में संलग्न हैं, किंतु तुम अपने कार्य पर ध्यान न देकर, दूसरों के कार्य की निंदा करने में अपने समय की बर्बादी कर रहे हो।'


# जब कोई झूठा आरोप लगे तो धैर्य न छोड़ें



संकलित
प्रेरणा

द्वारका में एक सूर्य भक्त था सत्राजित। उसे सूर्य देव ने स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। ये मणि रोज बीस तोला सोना उगलती थी। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में देंगे तो इससे मिले धन से प्रजा की अच्छी देखभाल हो सकेगी। सत्राजित ने श्रीकृष्ण को मणि देने से मना कर दिया। इस घटना के कुछ दिन बाद सत्राजित के भाई प्रसेनजित ने मणि चुरा ली। प्रसेनजित मणि लेकर जंगल में भाग गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। मणि जंगल में ही गिर गई। सत्राजित को जब प्रसेनजित और अपनी मणि नहीं मिली तो उसने श्रीकृष्ण पर आरोप लगा दिया कि कृष्ण ने ही मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण पर चोरी और हत्या का कलंक लग गया। श्रीकृष्ण आरोप को गलत साबित करने के लिए जंगल की ओर चल दिए। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पैरों के निशान दिखे।श्रीकृष्ण समझ गए कि प्रसेनजित को शेर ने मार दिया है और मणि यहीं कहीं गिर गई है। श्रीकृष्ण मणि खोजते हुए एक गुफा में पहुंच गए। गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण ने मणि मांगी तो जामवंत ने नहीं दी। इसके बाद दोनों का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीत गए। इसके बाद जामवंत ने मणि श्रीकृष्ण को दे दी और अपनी पुत्री जामवंती का विवाह भी भगवान के साथ कर दिया। द्वारका लौटकर श्रीकृष्ण ने वह मणि जामवंत से लेकर सत्राजित को दे दी और पूरी सच्चाई बता दी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे

जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा। आज नहीं तो कल हर कोई इसका शिकार होगा। *- अशोक साहू, कोड़ागांव*

## ट्रेंड

### रिपोर्ट कार्ड की राजनीति



पहले राजनीति सिर्फ़ काम न करने, परिवार-केंद्रित हितों, भ्रष्टाचार, जातिवाद और तुष्टिकरण पर केंद्रित होती थी। पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काम, जवाबदेही और रिपोर्ट कार्ड की राजनीति को जन्म दिया है।
- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### ग्लोबल बोर्ड का स्वागत



एचएसबीसी ग्रुप चेयरमैन सर मार्क टकर के नेतृत्व में ग्लोबल बोर्ड का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। बोर्ड से आग्रह किया कि वे विकास और समृद्धि के सह-निर्माण में हमारे साथ साझेदारी करें और भारत को वैश्विक परिवर्तन का केंद्र बनाएँ।
-पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री

### राजभाषा का संवर्धन



हिंदी सिर्फ़ भाषा नहीं, यह हमारी संस्कृति और सभ्यता की पहचान है। आप सभी देशवासियों को 'हिंदी दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएँ। आइये, हम हमारी मातृभाषा और राजभाषा के संवर्धन का संकल्प लें।
- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री

### दिल से खेलिए



टीम इंडिया शोर-शराबे और राजनीति को दिल पर मत लीजिए। आपके सारे फैन और देशवासी मैदान और रणभूमि का फर्क समझते हैं। दबाव लेने नहीं, बनाने मैदान में जाइए ; स्पोर्ट्समैन स्पिरिट के साथ खेलिए, बाकी देश आपके साथ मजबूती से खड़ा है। दिल से खेलिए, दिल भी जीतिए !
-डॉ. रामदास अठावले, राज्यसभा सांसद

## करंट अफेयर

# टेक्सास में शरिया कानून पर प्रतिबंध की घोषणा



टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने कहा है कि उनके प्रांत ने इस्लामी शरिया कानून के क्रियान्वयन पर प्रतिबंध लगा दिया है और निवासियों से व्यवसायों या व्यक्तियों पर 'शरिया अनुपालन' थोपने के किसी भी प्रयास की सूचना देने का आग्रह किया। एबॉट की यह टिप्पणी ह्यूस्टन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद आई है, जिसमें एक मुस्लिम धर्मगुरु लाउडस्पीकर के माध्यम से दुकानदारों से शराब, सूअर का मांस या लॉटरी टिकट नहीं बेचने का आग्रह करते हुए दिख रहा है। गवर्नर ने इस घटना को उत्पीड़न बताया और कहा कि टेक्सास सार्वजनिक जीवन में धार्मिक आचार संहिता लागू करने के प्रयासों को बर्दाश्त नहीं करेगा। एबॉट ने मंगलवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मैंने टेक्सास में शरिया कानून और शरिया कानूनी प्रक्रिया पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून पर हस्ताक्षर किए हैं। किसी भी व्यवसाय और किसी भी व्यक्ति को ऐसे मूर्खों से डरना नहीं चाहिए।' उन्होंने कहा, 'यदि यह व्यक्ति या कोई भी व्यक्ति शरिया अनुपालन थोपने का प्रयास करता है, तो इसकी सूचना स्थानीय कानून प्रवर्तन या टेक्सास लोक सुरक्षा विभाग को दें।'

## ऑफ बीट

# 'इंटरवल रनिंग' भी सेहत के लिए बेहद उपयोगी



दौड़ना न केवल बीमारियों से बचाव करता है, मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को भी धीमा करता है। इंटरवल रनिंग वास्तव में हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (एचआईआईटी) का एक हिस्सा है, जिसमें तीव्र गति से दौड़ने के छोटे सत्रों के बाद विश्राम या धीमी गति से दौड़ने का समय शामिल होता है। यह पद्धति पिछले कुछ वर्षों में टबाटा और क्रॉसफिट जैसे वर्कआउट्स के ज़रिये लोकप्रिय हुई है। कैसे काम करता है इंटरवल रनिंग : एचआईआईटी में, उदाहरण के तौर पर, 30 सेकंड तक तेज़ गति से दौड़ने के बाद 30 सेकंड का आराम किया जाता है। यह प्रक्रिया कई बार दोहराई जाती है। इसी सिद्धांत को दौड़ने में शामिल करते हुए, "10-20-30 विधि" अपनाई जा सकती है, जिसमें पहले 30 सेकंड तक चलना या हल्की दौड़, फिर 20 सेकंड तक मध्यम गति की दौड़ और फिर 10 सेकंड की तेज़ स्प्रिंटिंग यानी तेज गति से दौड़ शामिल होती है। फार्टलेक स्वीडिश शब्द है जिसका अर्थ 'स्पीड प्ले' होता है। व्यायाम के लिए यह विधि भी एक आसान तरीका है जिसमें धीमी दौड़ के बीच-बीच में कुछ सेकंड की तेज़ दौड़ शामिल होती है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

सभी उद्यमियों को छत्तीसगढ़ में निवेश करने के लिए आमंत्रित करता हूँ। यहां आपको हमारी विकास गाथा में भागीदार बनने के लिए आवश्यक आत्मविश्वास और बुनियादी ढांचा दोनों मिलेगा। हम सब मिलकर एक विकसित भारत के निर्माण में छत्तीसगढ़ की अग्रणी भूमिका सुनिश्चित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और मार्गदर्शन में, व्यापक विकास और सुरक्षा पहलों के माध्यम से उल्लेखनीय प्रगति हो रही है।

-विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन







छत्तीसगढ़ राज्य अपने निर्माण का 25 वां गौरवशाली वर्ष पूरा कर रहा है। इन ढाई दशकों में छत्तीसगढ़ ने विकास सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक उत्थान और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। छत्तीसगढ़, खनिज संपदा और प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है, अब औद्योगिक क्रांति के एक नए अध्याय की ओर बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार की उद्योग अनुकूल नीतियों, बेहतर बुनियादी ढांचे और निवेशकों को प्रोत्साहन देने वाली योजनाओं ने छत्तीसगढ़ को देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में स्थापित किया है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत संकल्पना के अनुरूप छत्तीसगढ़ को भी विकास के पथ पर अग्रसर करते हुए औद्योगिक नीति को मूर्त रूप दिया गया है।

## 25 साल की गौरवगाथा

# औद्योगिक क्रांति के नए अध्याय की ओर अग्रसर छत्तीसगढ़



### नई औद्योगिक नीति की मुख्य विशेषताएं

- इस नीति में औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और सामाजिक-आर्थिक विकास के उद्देश्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से अनेक प्रावधान शामिल
- नई औद्योगिक नीति के तहत प्रति व्यक्ति 15,000 रुपए की प्रशिक्षण वजीफा प्रतिपूर्ति का प्रावधान
- दवाइयों, कपड़ा, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, संपीड़ित जैव-गैस, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) रोबोटिक्स और कंप्यूटिंग आटी/डेटा केंद्र के लिए विशेष पैकेज
- यह प्रोत्साहन छत्तीसगढ़ के कुशल व्यक्तियों को औपचारिक रोजगार में परिवर्तित करने के लिए उद्योगों को प्रोत्साहन
- नीति का उद्देश्य राज्य के युवाओं की रोजगार क्षमता को बढ़ाना है, यह सुनिश्चित करना है कि वे औद्योगिक क्षेत्र की मांगों को पूरा करने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित हों और राज्य के आर्थिक विकास में योगदान दे सकें
- महिलाओं, अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग, युवाओं को विशेष प्रोत्साहन
- सरकार का लक्ष्य इस नीति के माध्यम से अगले पांच वर्षों में 5 लाख नए औपचारिक रोजगार सृजित करना



### विकास के अहम पड़ाव...



औद्योगिक क्षेत्रों की संख्या
12 (वर्ष 2000) | 58 (वर्ष 2025)

ऊर्जा उत्पादन



वर्ष 2000: 1,360 मेगावाट
वर्ष 2025: 26,000 मेगावाट



वार्षिक निवेश
वर्ष 2000: ₹1000 करोड़
वर्ष 2025: ₹16,500 करोड़

संगठित क्षेत्रों में रोजगार



वर्ष 2000: 50,000
वर्ष 2025: 5.25 लाख

# बस्तर और सरगुजा
## विकास का एक नया अध्याय

छत्तीसगढ़ की साय सरकार बस्तर से नक्सलवाद के खात्मे के लिए बेहतर रणनीति बनाई है। अंदरूनी इलाकों में नए कैंप खोले जा रहे हैं। कैंप स्थापित होने से नक्सलियों की कमर टूट चुकी हैं। इतना ही नहीं लगातार फोर्स के दबाव के चलते इलाके के सैंकड़ों नक्सलियों ने मुख्य धारा में लौट आए हैं। कभी नक्सल हिंसा के लिए जाना जाने वाला बस्तर अब "विकसित बस्तर" के सपने को साकार कर रहा है। लगभग 90,000 युवाओं ने कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त किया है, जबकि 40,000 से अधिक युवाओं को रोज़गार प्रदान किया गया है। इस क्षेत्र में विशेष निवेश प्रोत्साहन भी दिए जा रहे हैं। विश्व स्तर पर अद्वितीय बस्तर दशहरा को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता के लिए पंजीकृत किया जा रहा है। तीरथगढ़ ग्लास ब्रिज और बस्तर पर्यटन सर्किट जैसे पर्यटन स्थलों का सक्रिय विकास किया जा रहा है। इसके अलावा, आदिवासी उद्यमियों को सहायता देने के लिए रॉयल्टी प्रतिपूर्ति और सब्सिडी की शुरुआत की गई है।



**कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे में क्रांतिकारी कदम**

रावघाट और जगदलपुर के बीच 3,500 करोड़ रुपये की रेल लाइन के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। कोठागुडेम से किरंदुल रेलवे लाइन के लिए सर्वेक्षण कार्य शुरू हो गया है, जबकि खरसिया-परमलकसा लाइन प्रमुख औद्योगिक केंद्रों को जोड़ेगी। हवाई मालवाहक सेवाएँ भी शुरू हो गई हैं।

## 'अंजोर विजन'
### दस्तावेज़ में विनिर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता

विकसित भारत @2047 के राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप अंजोर विज़न नामक एक व्यापक विकास रोडमैप तैयार किया गया है। इस दस्तावेज़ में चरणबद्ध विकास रणनीति की रूपरेखा दी गई है जिसमें विनिर्माण क्षेत्र, विशेष रूप से इस्पात और विद्युत क्षेत्र, जो छत्तीसगढ़ के रीढ़ उद्योग हैं, को मुख्य फोकस क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया है। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक सभी बुनियादी ढाँचे की तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। राज्य में रेलवे के बुनियादी ढाँचे में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, और नेटवर्क को और मज़बूत करने के लिए तेज़ी से निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें 47,000 करोड़ रुपये की मौजूदा परियोजनाएं शामिल हैं।

रावघाट से जगदलपुर रेलवे लाइन और तेलंगाना में किरंदुल से कोठागुडेम लाइन (जिनमें से 138 किलोमीटर बस्तर से होकर गुजरेगी) जैसे नए मार्ग विकसित किए जा रहे हैं। रायगढ़ के खरसिया से राजनांदगांव के परमलकासा तक एक नया राजमार्ग गलियारा कच्चे माल की आपूर्ति और तैयार माल के वितरण को सुव्यवस्थित करेगा, जिससे उत्पादन लागत में उल्लेखनीय कमी आएगी।

# नई औद्योगिक नीति से रोजगार सृजन और आर्थिक विकास के खुले द्वार

उद्योग किसी भी राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं। उद्योग न केवल आर्थिक विकास को गति देते हैं, बल्कि रोजगार सृजन, बुनियादी ढांचे के विकास और जीवन स्तर में सुधार में भी सहायक होते हैं। यहीं वजह है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई वाली छत्तीसगढ़ की सुशासन सरकार प्रदेश में नई औद्योगिक नीति बनाकर उद्योगों को बढ़ावा देने और उनके विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाया है। छत्तीसगढ़ में इसका अच्छा प्रतिसाद भी देखने को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में साय सरकार गठित होने के बाद 1,23,073 करोड़ कुल निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इसके अलावा 20,627 नए रोजगार के अवसर भी छत्तीसगढ़ के युवाओं को प्राप्त हुए हैं।



### अगले पांच वर्षों में 5 लाख से अधिक नौकरियां

नई औद्योगिक नीति में अगले पांच वर्षों में 5 लाख से ज़्यादा रोजगार सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। छत्तीसगढ़ कपड़ा, दवा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रक्षा, ऊर्जा और चिकित्सा पर्यटन जैसे क्षेत्रों में आने वाले दशक में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की राह पर है। सरकार का लक्ष्य मार्च 2026 तक नक्सल समस्या का पूर्ण उन्मूलन सुनिश्चित करना है, जिससे सभी प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थिरता और नई शुरुआत का मार्ग प्रशस्त हो सके।

## टीवी मसाला



# द ग्रेट इंडियन कपिल शो : सीजन के आखिरी एपिसोड में आएगा ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होने वाला 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' अपने इस सीजन के अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। कॉमेडी किंग कपिल शर्मा होस्टेड इस टॉक शो के पिछले दो सीजन में 13-13 एपिसोड रहे थे, लेकिन तीसरे सीजन में मेकर्स ने 14 एपिसोड रखे हैं और आखिरी एपिसोड अगले शनिवार को नेटफ्लिक्स पर रात 8 बजे प्रसारित किया जाएगा। आखिरी एपिसोड में बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार बतौर मेहमान नजर आएंगे और सामने जज की कुर्सी पर विराजमान होंगे नवजोत सिंह सिद्धू। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के आखिरी एपिसोड में जमकर मौज-मस्ती होने वाली है और मेकर्स एक बड़ा ट्विस्ट लेकर आने वाले हैं जो इस सीजन को बाय-बाय कहना और भी मुश्किल बना देगा। अक्षय कुमार अपनी फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' को प्रमोट करने के लिए शो पर पहुंचेंगे। कपिल और अक्षय की जोड़ी काफी फनी है और हर बार की तरह इस सीजन में भी अक्षय कुमार जब स्टेज पर होंगे तो वही होस्ट की पोजिशन संभालेंगे। इतना ही नहीं सीजन के आखिरी एपिसोड में होस्ट अक्षय होंगे और मेहमान सभी कॉमेडियन्स। यानि अक्षय कुमार कृष्णा अभिषेक, किकू शारदा और सुनील ग्रोवर के साथ कई सारे गेम्स खेलेंगे और खूब सारे सवाल भी पूछेंगे। कॉमेडियन्स के लिए जहां यह थोड़ा मुश्किल होने वाला है, वहीं दर्शकों को लिए इस एपिसोड में ढेर सारा फन होगा।

### अभिषेक-शहबाज में हुआ झगड़ा, हाथापाई तक पहुंची बात

**नई दिल्ली।** रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 19 में बीती रात दो खिलाड़ियों ने गुस्से में हद पार कर दी। अभिषेक बजाज और शहबाज बदेशा के बीच हाथापाई हो गई। शो के इस सीजन का यह अभी तक का सबसे बड़ा झगड़ा है जिस पर माना जा रहा है कि बिग बॉस कुछ सख्त एक्शन लेंगे।



किचन में अमाल मलिक और कुनिका के बीच बहस से शुरू हुआ यह मुद्दा देखते ही देखते इतना तूल पकड़ गया कि इसमें अभिषेक और शहबाज भी शामिल हो गए और फिर बात हाथापाई तक पहुंच गई। अभिषेक बजाज और अमाल मलिक बीती रात कुनिका के साथ बहस कर रहे थे, जिसमें सीनियर एक्ट्रेस ने कहा- रिस्पेक्ट मत करो अगर दिल में ना हो। इस पर अभिषेक ने जवाब दिया कि रिस्पेक्ट कमानी होती है।

# बॉक्स ऑफिस पर टकराएंगे अक्षय और परेश 19 सितंबर को इन तीन फिल्मों का होगा क्लैश

**मुंबई।** 19 सितंबर को बॉक्स ऑफिस पर तीन बॉलीवुड फिल्मों का क्लैश देखने को मिलेगा। इन फिल्मों में अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3, परेश रावल की फिल्म अजय द अनटोल्ड स्टोरी और अनुराग कश्यप की फिल्म निशानची का नाम शामिल है। इस बॉक्स ऑफिस क्लैश को लेकर परेश रावल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सब अपने ही लोग हैं।




***क्लैश को लेकर क्या बोले परेश रावल :*** परेश रावल ने क्लैश को लेकर बात करते हुए कहा, 'सब हमारे ही लोग हैं, सबकी पिक्चर चले।' परेश रावल की बात करें तो वो अक्षय कुमार के साथ कई फिल्मों में काम कर चुके हैं। वो हेरा फेरी 3 में भी अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी के साथ नजर आएंगे। वहीं, परेश रावल अनुराग कश्यप द्वारा डायरेक्ट की गई फिल्म नो स्मोकिंग में भी अहम किरदार निभा चुके हैं।

***अजय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ अ योगी :*** परेश रावल की फिल्म अजय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ अ योगी की बात करें तो ये फिल्म रविंद्र गौतम ने डायरेक्ट की है। यह फिल्म उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के जीवन पर आधारित होगी। फिल्म में परेश रावल महंत अवैद्यनाथ का किरदार निभाएंगे।

***जॉली एलअलबी 3 :*** जॉली एलएलबी 3 की बात करें तो इस फिल्म में अक्षय कुमार, अरशद वारसी और सौरभ शुक्ला अहम किरदार में नजर आएंगे। फिल्म को सुभाष कपूर ने डायरेक्ट किया है।

***निशानची :*** निशानची की बात करें तो ये फिल्म अनुराग कश्यप में डायरेक्ट की है। यह फिल्म दो जुड़वा भाइयों की कहानी होगी। फिल्म में ऐश्वर्य ठाकरे डबल रोल में नजर आएंगे। ये फिल्म ऐश्वर्य की डेब्यू फिल्म होगी।

# 15 साल के जोनस कोनर की गायकी के कायल हुए सलमान

*__मुंबई।__ बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' से तो चर्चा में हैं ही। हाल ही में वो अपनी सोशल मीडिया पोस्ट से नेटिजंस का ध्यान खींच रहे हैं। इस पोस्ट में उन्होंने 15 साल के गायक जोनस कोनर को एक खूबसूरत अंदाज में बधाई दी है। साथ ही उन्होंने जोनस के कुछ गानों का भी जिक्र किया और उन्हें लोगों से प्रोस्ताहित करने के लिए कहा है। सलमान ने रविवार को अपने एक्स हैंडल पर जोनस कोनर की तस्वीर साझा की है। इस पोस्ट में उन्होंने जोनस के तीन गानों का भी जिक्र किया है। अभिनेता ने ट्वीट में लिखा, 'मैंने कभी किसी 15 साल के बच्चे को अपने दर्द को इतनी खूबसूरत तरीके से बयां करते नहीं देखा। भगवान तुम्हारा भला करे जोनस कोनर। बार-बार सुन रहा हूं, फादर इन ए बाइबल, पीस विथ पेन, ओह अप्पालाचिया। आगे उन्होंने कहा,ऐसे बच्चों को ना सपोर्ट किया तो फिर क्या किया। भाइयों और बहनो ये अंग्रेजी में हैं, यहां पर भी ऐसे बहुत हैं। उन्हें प्रोत्साहित करो शोषण नहीं। सलमान खान बैटल ऑफ गलवां फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चकुी है। आपको बताते चलें कि यह फिल्म साल 2020 में भारत-चीन सरहद पर हुई झड़प पर आधारित होगी। इस झड़प में भारत के 20 सिपाही शहीद हो गए थे।*



# नागिन से लेकर हॉरर फिल्मों के लिए मशहूर रहे राजकुमार कोहली

*__नई दिल्ली।__ राजकुमार कोहली हिंदी सिनेमा के मशहूर निर्माता-निर्देशक थे, जिन्होंने 1970 और 80 के दशक में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। उनकी फिल्में जैसे नागिन, जानी दुश्मन, बदले की आग और नौकर बीवी का ने उन्हें बहुत प्रसिद्धि दिलाई। राजकुमार कोहली ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार फिल्में दीं और मल्टी-स्टारर और हॉरर फिल्मों का नया दौर शुरू किया। सेट पर उनके किस्से उनकी मेहनत और जुनून को दर्शाते हैं। वे बॉलीवुड के एक ऐसे सितारे थे, जिनकी चमक आज भी फिल्म प्रेमियों के दिलों में बरकरार है।*



### पंजाबी अभिनेत्री निशि से शादी की

राजकुमार कोहली का जन्म लाहौर (अब पाकिस्तान) में हुआ था। उनके पिता भी फिल्म निर्माता थे, जिससे उन्हें बचपन से ही फिल्मों का शौक था। उन्होंने पंजाबी अभिनेत्री निशि से शादी की। निशि के साथ उनकी मुलाकात 1963 में फिल्म 'पिंड दी कुड़ी' के सेट पर हुई थी, जहां दोनों का प्यार परवान चढ़ा। उनके दो बेटे हैं - अरमान कोहली, जो एक अभिनेता हैं और रियलिटी शो बिग बॉस में नजर आए, और रजनीश कोहली।

### निशि के साथ रोमांस

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म 'पिंड दी कुड़ी' के सेट पर राजकुमार और निशि की लव स्टोरी शुरू हुई। सेट पर निशि की सादगी और मेहनत ने राजकुमार को प्रभावित किया। दोनों की जोड़ी सेट पर चर्चा का विषय बन गई थी। राजकुमार कोहली सेट पर बहुत अनुशासित थे, लेकिन अपने कलाकारों और क्रू के साथ दोस्ताना व्यवहार रखते थे। अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने एक बार कहा था कि कोहली सेट पर सख्ती से काम करवाते थे, लेकिन शूटिंग के बाद सबके साथ चाय पीते और मजेदार कहानियां सुनाते थे।

### निर्देशन में बनी फिल्में

राजकुमार कोहली एक मशहूर भारतीय फिल्म निर्देशक और निर्माता थे, जिन्होंने बॉलीवुड को कई यादगार फिल्में दीं। उन्होंने 1960 के दशक से फिल्म निर्माण शुरू किया और मल्टी-स्टारर और हॉरर फिल्मों के लिए जाने गए। उनकी कुछ प्रमुख फिल्में हैं। इस लिस्ट में दुल्ला भट्टी, लुटेरा, नागिन, जानी दुश्मन, बदले की आग, नौकर बीवी का, राज तिलक, बीस साल बाद और उनकी आखिरी फिल्म जानी दुश्मन: एक अनोखी कहानी शामिल है।

***निधन :*** *राजकुमार कोहली का 93 साल की उम्र में निधन हो गया था। 24 नवंबर 2023 को दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हुआ था। राजकुमार कोहली की प्रेयर मीट में कई बॉलीवुड स्टार्स शामिल हुए थे।*

### सपनी से की कॅरियर की शुरुआत

राजकुमार कोहली ने अपने कॅरियर की शुरुआत 1963 में फिल्म 'सपनी' से की थी। उनकी पहली बड़ी सफलता 1966 में दुल्ला भट्टी और 1970 में लुटेरा से मिली। लेकिन, असली पहचान उन्हें 1976 में फिल्म 'नागिन' से मिली, जो उस समय की सुपरहिट फिल्म थी। उन्होंने बॉलीवुड में मल्टी-स्टारर और हॉरर फिल्मों का चलन शुरू किया। उनकी फिल्मों में सुनील दत्त, धर्मेंद्र, जीतेंद्र, शत्रुघ्न सिन्हा, रीना रॉय और रेखा जैसे बड़े सितारे शामिल थे। उनकी आखिरी फिल्म 2002 में 'जानी दुश्मन: एक अनोखी कहानी' थी, जिसमें अक्षय कुमार, अरमान कोहली और सुनील शेट्टी जैसे सितारे थे।

### नागिन फिल्म का जादू

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नागिन की शूटिंग के दौरान सांपों को लेकर सेट पर काफी डर का माहौल था। अभिनेत्री रीना रॉय ने एक इंटरव्यू में बताया था कि असली सांपों के साथ शूट करना आसान नहीं था, लेकिन राजकुमार कोहली ने सबको हिम्मत दी और सीन को बेहद खास बनाया। उनकी हॉरर फिल्मों में तकनीक का कमाल और कहानी का रोमांच दर्शकों को खूब पसंद आया।

### मल्टी-स्टारर का मैनेजमेंट

राजकुमार कोहली मल्टी-स्टारर फिल्में बनाने में माहिर थे। सेट पर कई बड़े सितारों को एक साथ संभालना आसान नहीं होता था, लेकिन वे अपनी हंसी-मजाक और दोस्ताना व्यवहार से माहौल को हल्का रखते थे।

# उड़ती चिड़िया का टैटू गुदवाया

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच कृति ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पहले टैटू की कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं। कृति के इस पोस्ट पर रश्मिका मंदाना ने अपना रिएक्शन शेयर दिया है।

**एजेंसी ▶▶ मुंबई**

कृति सेनन ने आज इंस्टाग्राम पर अपने पहले टैटू की तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही बताया कि वह यह काम कभी नहीं करने वाली थीं, लेकिन उन्होंने अपने बाएं पैर में एक उड़ती हुई चिड़िया का टैटू गुदवाया लिया है। इन सभी शानदार तस्वीरों को कृति ने इंस्टाग्राम पर शेयर कर अपने फैंस को खुश कर दिया है।

कृति ने लिखा, 'कभी नहीं सोचा था कि मैं ऐसा करूंगी, लेकिन कभी नहीं कहना। बस अभी-अभी टैटू बनवाया है। एक वादा पूरा हुआ। एक अनुस्मारक कि मैं ऊंची उड़ान भर सकती हूं.. सूर्योदय तक।' कृति की इस पोस्ट पर रश्मिका मंदाना ने लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। 'आगे कृति सेनन ने लिखा, 'उन सभी के लिए जिनकी आंखों में सपने हैं...वह छलांग लगाओ जिससे आप डरते हैं..यह आसान नहीं हो सकता है, लेकिन आपको अपने पंख मिल जाएंगे, आपको अपने लिए मिल जाएगी, आप उड़ना सीख जाएंगे।' आगे कृति ने टैटू मेकर को धन्यवाद भी लिखा।





# तू मेरी मैं तेरा में कार्तिक अनन्या की जोड़ी

**मुंबई।** इस साल का आखिरी दिन मूवी लवर्स के लिए खास रहने वाला है। वजह है कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की मच अवेटेड फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा...', जिसकी रिलीज डेट अब प्रीपोन हो गई है। जहां पहले फिल्म 13 फरवरी 2026 यानी वेलेंटाइन डे पर आने वाली थी, लेकिन अब मेकर्स ने इसे 31 दिसंबर को रिलीज करने का फैसला किया है। यानी इस फिल्म को नए साल के मौके पर रिलीज किया जाएगा। । कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की जोड़ी इससे पहले फिल्म 'पति पत्नी और वो' में नजर आई थी। उस वक्त भी दर्शकों ने इस फ्रेश पेयरिंग को खूब पसंद किया था। अब यह दोनों फिर से एक साथ स्क्रीन शेयर करने जा रहे हैं। कार्तिक और अनन्या ने फैंस के साथ पोस्ट शेयर करते हुए इस बात की जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा करते हुए एक पोस्ट शेयर किया।

# ओ रोमियो का सामने आया फर्स्ट लुक

**मुंबई।** शाहिद कपूर जल्द ही निर्देशक विशाल भारद्वाज की आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' में नजर आएंगे। इस फिल्म का पहला लुक खुद शाहिद ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया और साथ ही इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है।




शाहिद कपूर ने रविवार को इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर साझा किया, जिसमें शाहिद काउबॉय हैट पहने हुए हैं और अपना चेहरा छिपाते नजर आ रहे हैं। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसमें नाना पाटेकर भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। इस फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने किया है। फिल्म 'ओ' रोमियो' 14 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर और अभिनेत्री तृप्ति डिमरी नजर आएंगे। यह फिल्म शाहिद और निर्देशक विशाल भारद्वाज की चौथी साझेदारी है, जिन्होंने पहले 'कमीने', 'हैदर' और 'रंगून' जैसी फिल्में बनाई हैं। शाहिद और विशाल की जोड़ी ने सबसे पहले फिल्म 'कमीने' में एक साथ काम किया।

# लव सोनिया ने की बदलाव की शुरुआत

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने सोशल मीडिया हैंडल पर 2018 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'लव सोनिया' के सात साल पूरे होने का जश्न मनाया। मृणाल ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों के साथ मृणाल ने एक खास नोट भी लिखा है। मृणाल ठाकुर ने फिल्म के बारे में लिखा, 'फिल्म 'लव सोनिया' सिर्फ एक फिल्म नहीं थी। इसने बदलाव की शुरुआत की, एनजीओ को प्रेरित किया और जिंदगियां बचाईं। आज भी लोग इसे देखकर मेरी मदद के लिए आगे आते हैं और मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं।



epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

Appointment
आवश्यकता

मेड

आवश्यकता है- गृह सहायक (मेड) की आवश्यकता है (उम्र 25 - 40 वर्ष) घरेलू काम, 24 घंटे घर पर रहने के लिये, स्थान- बैरन बाजार, रायपुर, मोबाइल नंबर- 7225844359. (RO-6703)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- ऑटोपार्ट्स की दुकान में पैकिंग कार्य हेतु लड़को की आवश्कता हैं। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क - तृप्ति सेल्स कार्पोरेशन, एम. जी.रोड,रायपुर । मोबाइल 9340273375.(RO-260)

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम दुकान में काम करने हेतु अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़कों की आवश्यकता संपर्क करें:- दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर पास मोबाइल:- 98271-14645, 91311-39179.(RO-274)

आवश्यकता है- रायपुर की प्रतिष्ठित ज्वेलरी शॉप में आवश्यकता है, अनुभवी सेल्समैन की, वेतन योग्यतानुसार। समय 1 से 3 संपर्क:- समृद्धि ज्वेलर्स सदर बाजार रायपुर। मो.- 7000171415.(RO-7383)

पैकिंग कार्य/ड्रायवर

आवश्यकता है- 400/- प्रतिदिन (+) ओवरटाइम 500/- फटाका जमाना, पैकिंग, बिल बनाना, ड्राइवर। लड़कों की आवश्यकता। सम्पर्क :- तापड़िया फटाका, नेमींचंद गली, तेलघानीनाका चौक, रायपुर (RO-962)

हरिभूमि क्लासीफाईड

ड्रायवर/कुक

आवश्यकता है- तेलीबांधा/ लाभांडी/ वीआईपी रोड में 10+ वर्ष के अनुभवी ड्राइवरों/कुक (शाकाहारी भोजन हेतु, महिला/पुरुष) की आवश्यकता है। शराब-गुटखे का सेवन न करने वाले संपर्क करें। संपर्क: 9300593000. (RO-7228)

क्लीनिक कार्य

आवश्यकता है- आयुर्वेदिक क्लीनिक में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़किया/ पुरूष/ महिला जरूरत संपर्क:-डॉ. अग्रवाल गुरूद्वारा स्टेशन रोड दुर्ग मोहन नगर थाना के सामने मो 98271 99213.(आरो न.-672)

मैनेजमेंट एक्जीकेटिव

आवश्यकता है- Business Manage करने के लिए MBA/ B.Tech/ BBA पास अनुभवी मैनेजमेंट एग्जीक्यूटिव की रायपुर ऑफिस में आवश्यकता है। Salary; 25,000 से 35000/- तक । Whats up your Resume 8602470046.(RO-272)

ड्रायवर

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 30 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें ) सैलरी 20,000/- प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । जो तत्काल जॉइन कर सके वही संपर्क करें, बेवजह कॉल ना करें । पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क :- 9644720222.(RO-12)

हरिभूमि

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य के लिए अतिशीघ्र आवश्यकता है ,10वी 12वीं पास युवको के लिए जो ग्वालियर में रह कर काम कर सके वेतन 10000 + कमीशन + बोनस रहना फ्री, प्रमोशन + ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20हजार महीना मो. 9039470547, 7869296951.(RO-415)

ऑफिस बॉय/मार्केटिंग

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु ऑफिस बॉय, पाइप्स के मार्केटिंग हेतु लड़के एवं टाटा एस व डीआई हेतु अनुभवी कुशल ड्राइवरों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार, ड्राइविंग लायसेंस धारी ही संपर्क करें:- बिंदल पाइप्स प्राइवेट लिमिटेड, स्टेशन रोड, रायपुर 07714034549, 9340052647 (RO-158)

आवश्यकता है- पैथालाजी सामग्री की मार्केटिंग हेतु सेल्स एक्जीक्यूटिव की आवश्यकता है सम्पर्क करें- फाफाडीह चौक के पास मोती सागर होटल के पीछे रायपुर 8269090186 (RO 38701)

अन्य

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5-G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 8420549466.(RO-1159)

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9229187457. (RO-1137)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या- 790 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+56500 ) पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (सचिन शर्मा)- 7054311719. (RO-1152)

Services
सर्विसेस

सर्विस - गारण्टी के साथ मोटापा घटायें या बढ़ायें सम्पर्क करें- राजकुमार सर 09827837045, निशु मेम 09827250697. (RO-38697)

Finance
फायनेंस

फाइनेंस - रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 25 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए, संपर्क – 9311830460.(RO-268)

Property
प्रापर्टी

मकान

मकान बेचना है- 2BHK मकान बेचना है टिकरापारा बजरंग चौक साहू मोहल्ला मो.- 9691799340, 7089779078.(RO-6705)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152







आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## जैकेट के शेष

### डर्टी पार्टी के लिए...

पोस्टर जारी कर डर्टी पार्टी का प्रचार कर रहे थे। पार्टी का प्रमोशन हाईपर क्लब के माध्यम से किया जा रहा था। हाईपर क्लब के संचालकों ने पूर्व में रक्षा बंधन के अवसर पर फ्री ड्रिंक का ऑफर भी दिया था। एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह की फटकार के बाद क्लब ने ऑफर वापस लिया था।

**पार्टी में शामिल होने 40 से ज्यादा लोगों की जानकारी** : पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से जो मोबाइल जब्त किए हैं, उनमें प्रस्तावित डर्टी पार्टी में 40 से ज्यादा लोगों के शामिल होने के बारे में जानकारी मिली है। जिन लोगों के पुलिस को मोबाइल नंबर मिले हैं, पुलिस उनके खिलाफ भी जांच कर रही है। इनमें कई दूसरे राज्य के हैं। पुलिस मामले की ड्रग एंगल से भी जांच कर रही है।

### भाठागांव में आयोजित...

करने का उद्देश्य सामाजिक संगठन तथा प्रशासन की नजरों से बचना बताया जा रहा है।

### महिला आयोग ने...

कार्रवाई किए जाने तथा एसएसपी तथा साइबर सेल प्रमुख को जांच के निर्देश दिए। साथ ही 2 दिन के अंदर रिपोर्ट मांगी। इसके अलावा महिला आयोग के अध्यक्ष ने अंतिम व्यक्ति के पकड़े जाने तक हर दिन की प्रगति रिपोर्ट देने निर्देश दिए हैं।

### गिरफ्तार आरोपियों की...

दीपक सिंह एवं देवेन्द्र कुमार यादव के साथ मिलकर अपने क्लब के माध्यम से इस इवेंट को प्रमोट कर रहे थे।

### विकासशील हो सकते...

में कुछ अधिकारियों के नाम महीनों से चर्चा में थे, लेकिन यह बात उस समय की है, जब श्री जैन रिटायर होने वाले थे। उन्हें सेवानिवृत्ति के समय ही राज्य की सेवा में बने रहने का आदेश मिला था।

**लंबे समय से प्रतिनियुक्ति पर हैं विकासशील** : विकासशील छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस हैं, लेकिन वे लंबे समय से प्रतिनियुक्ति पर केंद्र सरकार के लिए सेवाएं दे रहे हैं। उन्हें राज्य से लेकर केंद्र की नौकरशाही में अनुभवी और कर्मठ अधिकारी माना जाता है। उनके मुख्य सचिव बनने की अचानक शुरू हुई चर्चा के बीच ये जानकारी मिली कि केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने 12 सितंबर को उन्हें वापस बुलाने का आदेश जारी किया और 24 घंटे के भीतर ही विकासशील को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) मनीला से औपचारिक रूप से कार्यमुक्त कर दिया गया, जहां वे कार्यकारी निदेशक के सलाहकार के रूप में कार्यरत थे। अगले ही दिन विदाई समारोह आयोजित किया गया।

### छत्तीसगढ़ वापसी के...

वरिष्ठ अधिकारी इंकार नहीं कर रहे हैं। विकासशील की पत्नी निधि छिब्बर भी आईएएस 1994 बैच की अधिकारी हैं। वे भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। वे भी यहां छत्तीसगढ़ में विभिन्न पदों पर सेवाएं दे चुकी हैं। दूसरी ओर विकासशील वर्ष 2000 में नवगठित छत्तीसगढ़ कैडर में जाने से पहले मध्यप्रदेश में अपने कॅरियर की शुरुआत करते हुए उन्होंने कोरिया, बिलासपुर और रायपुर में बतौर कलेक्टर कार्य किया। उन्हें एक कर्मठ अधिकारी के रूप में जाना जाता है। राज्य सचिवालय में उन्होंने स्कूली शिक्षा, खाद्य, सामान्य प्रशासन और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को संभाला। दिल्ली में उनके कार्यकाल ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में अतिरिक्त सचिव के रूप में उनकी राष्ट्रीय साख को और निखारा। वे महामारी की तैयारियों में अग्रिम पंक्ति में रहे और बाद में, जलशक्ति मंत्रालय में जल जीवन मिशन के निदेशक के रूप में कार्य किया। उन्होंने जनवरी 2024 में भारत के सबसे महत्वाकांक्षी ग्रामीण जल आपूर्ति कार्यक्रमों में से एक का संचालन किया।

### सीएस पद के ये...

लिए बढ़ने के बाद से इन दावेदारों के नाम चर्चा से बाहर हो गए थे। इसी बीच विकासशील का नाम सामने आने के बाद सीएस की नियुक्ति की नई कहानी शुरू हो गई है।

### नक्सलियों के ...

पर बनने वाला यह नया केंद्र नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई को और मजबूत करेगा। यह वही इलाका है जिसे इसी वर्ष सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के कब्जे से मुक्त कराया है। 21 अप्रैल 2025 को शुरू हुए ऑपरेशन के दौरान 21 दिन तक चली कार्रवाई में 31 नक्सली ढेर हुए। सूत्रों के अनुसार सुरक्षाबलों ने 214 बंकरों को ध्वस्त कर दिया और माओवादियों की करीब चार तकनीकी इकाइयों को भी नष्ट कर दिया। यह अभियान अब तक की सबसे बड़ी सफलताओं में गिना जा रहा है। कर्रेगुट्टा पहाड़ी रणनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। लगभग 900 मीटर ऊंची इस दुर्गम पहाड़ी में सैकड़ों गुफाएं हैं, जिन्हें नक्सली लंबे समय से अपने कैंप और हथियार बनाने की इकाइयों के लिए इस्तेमाल कर रहे थे। यही कारण है कि इसे नक्सलियों की "राजधानी" तक कहा जाता था। हाल ही में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यहां चलाए गए ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट में शामिल जवानों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर पूरे देश ने सुरक्षा बलों के साहस और पराक्रम को सलाम किया।

## पेज एक के शेष

### पिंक स्टोन से बने...

से आने वाले अतिथियों के लिए विशेष कक्ष और आवासीय परिसर का निर्माण किया गया है। भवन बनकर तैयार हो चुका है और राज्योत्सव के अवसर पर 31 अक्टूबर को दो दिवसीय प्रवास पर आने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भवन के लोकार्पण का निमंत्रण दिया गया जिसे उन्होंने स्वीकारा है।

### राज्य निर्माण के दौरान...

इस परिकल्पना को साकार किया गया। कयाबांधा सेक्टर-20 नवा रायपुर में डेढ़ एकड़ जमीन लेकर उसमें आध्यात्मिक शिक्षण संस्थान का रूप दिया गया। भवन का निर्माण बहुत ही सुंदर तरीके से किया गया है और इसके निर्माण में आधुनिकता के साथ सुरक्षा का ध्यान रखा गया है।

### मेडिटेशन तनाव मुक्त...

सकारात्मक परिवर्तन ला रही है। संस्थान द्वारा विधानसभा मार्ग में शांति सरोवर का संचालन भी किया जाता है इसके अलावा राज्य में विभिन्न स्थानों में सेंटरों का संचालन किया जाता है।

### पीएम मोदी बोले-...

भूमि से घुसपैठियों को बाहर निकालने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रशंसा की कि किसान अब इन भूखंडों पर खेती कर सकेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, भाजपा घुसपैठियों को जमीन हड़पने, महिलाओं और लड़कियों का अपमान करने और जनसांख्यिकी बदलने की साजिश नहीं करने देगी, यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। मोदी ने कहा कि उन्हें भारत रत्न से सम्मानित भूपेन हजारिका का कांग्रेस द्वारा किए गए अपमान पर दुख हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार भारत रत्न भूपेन हजारिका जैसे असम के महान सपूतों के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी ने यह भी दावा किया कि कांग्रेस ने दशकों तक असम पर शासन किया, लेकिन ब्रह्मपुत्र नदी पर 'केवल तीन पुल' बनाए, जबकि भाजपा नीत सरकार ने पिछले 10 वर्षों में छह ऐसे पुल बनाए हैं। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में उभर रहा है और असम की विकास दर 13 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, यह 'डबल इंजन' वाली सरकार के प्रयासों से संभव हुआ है। केंद्र और राज्य सरकार असम को स्वास्थ्य के केंद्र के रूप में विकसित कर रही हैं। विकसित भारत के सपने को साकार करने में पूर्वोत्तर की बड़ी भूमिका है।

### सरकार का बड़ा...

अधिक व्यवस्थित रूप से उपलब्ध हो सकेगी। यह निर्णय प्रदेश के युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा। साथ ही, उच्च शिक्षा संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों और अधिकारियों की संख्या बढ़ने से विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रदेश सरकार का यह कदम महाविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण निर्मित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे शिक्षण-अध्यापन का स्तर उन्नत होगा और संकायों की मजबूती सुनिश्चित होगी। इस पहल से विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और सीखने के अवसर प्राप्त होंगे। बेहतर संसाधनों और शिक्षकों की उपलब्धता से विद्यार्थियों की अकादमिक क्षमता और भी निखरेगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार विभिन्न विभागों में भर्ती की प्रक्रिया आगे बढ़ा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा विगत 21 माह में महिला एवं बाल विकास विभाग में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका, स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सकों और चिकित्सा अधिकारियों, आदिम जाति विकास विभाग में छात्रावास अधीक्षक सहित अन्य विभिन्न विभागों के अनेक पदों पर भर्ती की जा चुकी है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री श्री साय की घोषणा के अनुरूप शिक्षकों के 5000 पदों सहित अन्य पदों पर भर्ती की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले समय में शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, तकनीक और प्रशासनिक सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं को बड़े पैमाने पर अवसर उपलब्ध कराए जाएं। इन सतत प्रयासों से छत्तीसगढ़ की युवा शक्ति का बेहतर उपयोग होगा और प्रदेश विकास की नई ऊँचाइयों तक पहुंचेगा।

### चौधरी ने कहा-शिक्षा...

की उच्च शिक्षा प्रणाली को नई मजबूती मिलेगी। वित्त विभाग द्वारा दी गई यह अनुमति भविष्य की पीढ़ी को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

### युक्तियुक्तकरण के बाद...

शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनका 2 महीने का वेतन भी रोका गया है। युक्तियुक्तकरण के बाद आपत्तियों के निपटान के लिए जिला एवं संभाग स्तर पर समितियां बनाई गई थीं। थोक में शिक्षकों ने इन समितियों के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए थे। जिला एवं संभागीय स्तरीय समितियों में सुनवाई के बाद आवेदनों को अमान्य किए जाने के बाद भी शिक्षकों द्वारा ज्वाइनिंग नहीं दिए जाने पर ये कार्यवाही की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी ने ऐसे सभी शिक्षकों को जल्द से जल्द आबंटित विद्यालयों में उपस्थिति दे कर बच्चों को पढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, अब प्रदेश के अन्य जिलों में भी इस तरह की कार्रवाई की तैयारी है। जिन जिलों के शिक्षकों ने ज्वॉइनिंग नहीं दी है, उन्हें भी निलंबित किया जाएगा। **ज्वॉइन नहीं करने वाले शिक्षकों को दो माह से वेतन नहीं** : पदस्थापना आदेश से असंतुष्ट शिक्षकों द्वारा जिलास्तरीय युक्तियुक्तकरण समिति के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया। आपत्ति का उचित कारण नहीं पाए जाने के कारण आवेदनों को अमान्य किया गया। युक्तियुक्तकरण से संबंधित असंतुष्ट शिक्षकों के अभ्यावेदन का निराकरण करने संभाग एवं राज्यस्तरीय युक्तियुक्तकरण समिति का गठन किया गया। इसी दौरान जिला स्तर पर युक्तियुक्तकरण के तहत पदांकन आदेश के तहत कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। उचित कारण नहीं बताए जाने के कारण 4 सहायक शिक्षकों को निलंबित किया गया तथा कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले समस्त शिक्षकों का विगत दो माह से वेतन रोका गया है।

### दूरस्थ अंचल में ...

कोरबा जिले के प्राथमिक शाला में शिक्षकों की संख्या अधिक होने के कारण युक्तियुक्तकरण समिति द्वारा दूरस्थ अंचल में पदस्थापना का निर्णय लिया गया।


**कार्यालय, अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**
प्रारूप-37
(नियम 61(3)
वित्त पोषक के नाम नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र जारी करने के लिए मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत

रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, राजनांदगांव पत्र क्र. 1/88 दिनांक 28/08/2025 श्री जयप्रकाश वर्मा पिता रूपेन्द्र वर्मा निवासी वार्ड क्र. 1 बरबसपुर राजनांदगांव को यह सूचित किया जाता है कि श्री राम फायनेंस वित्त पोषक को यह सूचित किया है कि उन्होंने उक्त करार उपबंध अधीन आपने व्यतिक्रम के कारण अवक्रय करार अंतर्गत आने वाले मोटरयान का रजिस्ट्रीकरण क्रमांक CG08AX6960 है कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि-
1. आपने उसे रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र आर.सी. कार्ड देने से इंकार कर दिया है।
2. आपके द्वारा देय मासिक किश्त जमा नहीं किया जा रहा है।

उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और आपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र जारी करने का अनुरोध किया है। अतः आपको उक्त यान के जो कि आपके द्वारा आधिपत्य खोये जाने और एतद द्वारा धारा 2 (30) के अंतर्गत मोटर यान के स्वामित्व खोये जाने के बावजूद भी रोका हुआ है, को अभ्यर्पित करने और इस संबंध में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, आपके द्वारा इस सूचना-पत्र की प्राप्ति की तारीख से 7 दिवस के भीतर इस कार्यालय में संबंधित शाखा प्रभारी के समक्ष अभ्यावेदन सहित उपस्थित होने निर्देश दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर धारा 5(15) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र को निरस्त कर वित्त पोषक के नाम नवीन रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जारी किया जावेगा।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी
राजनांदगांव (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रूद्री तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)**
// सूचना पत्र //
प्रति,
01. अर्चना कृपाल पति विनय कृपाल
02. राकेश कुमार पिता सीताराम
03. बशीर अहमद पिता नसीम अहमद
04. गोकुल कुमार पिता अनुप कुमार
05. जवाहर पिता गोकुल राम
06. पुरानिक पिता पंचम
07. आशीष सिंह पिता इमरसन सिंह

विषय :- नक्शा बटांकन/स्थल जांच की सूचना बाबत्।
--00--
आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम श्यामतराई प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. रुद्री तहसील व जिला-धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 812/1 रकबा 0.34 हे. का आवेदिका अर्चना कृपाल पति विनय कृपाल निवासी धमतरी के आवेदन पर श्रीमान तहसीलदार धमतरी के आदेश दिनांक 08/09/2025 के अनुसार नक्शा बटांकन/स्थल जांच दिनांक 16/09/2025 को दिन मंगलवार समय 11.00 के बजे मेरे द्वारा किया जाना है।
अतः आप सीमावर्ती भूमि स्वामी होने के कारण नक्शा बटांकन/स्थल जांच के समय स्थल पर मय दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें। समय पश्चात् आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रूद्री (धमतरी)

**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण क्रमशः श्रीमती प्रेमबाई, राजू, गजेन्द्र, खिलेश, पवन एवं श्रीमती सोनी सोनकर सभी पति/पिता स्व. द्वारिका सोनकर, निवासीगण वार्ड क्र. 61, भाठागांव रायपुर तथा श्री शिव कुमार, संतोष, संतकुमार, छोटू सोनकर, श्रीमती दया बाई, श्रीमती उषा बाई सभी पिता/पति स्व. भागीरथी सोनकर व समारी बाई पति पूनम सोनकर, गणेशी बाई पति श्री चोखेलाल सोनकर, श्रीमती सरस्वती पति संतोष सोनकर, मुकेश सोनकर पिता स्व. चोखेलाल सोनकर एवं कुंती पति भुवनलाल, गजानंद, घनश्याम पिता स्व. चोखेलाल सोनकर के संयुक्त स्वामित्व, हक, आधिपत्य में ग्राम गोकुलपुर, प.ह.न. 35, तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) में कृषि भूमि खसरा नम्बर क्रमशः 76/25, 88/58, 76/2, 73/13, 222/40 कुल क्षेत्रफल 0.746 हे. व ग्राम धमतरी प.ह.न. 33, तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) में भूमि खसरा 1070/4, 1070/6, 1070/11, 1950/2, 1951/2, 2578/29 कुल क्षेत्रफल 0.723 हे. तथा भूमि खसरा नम्बर 2592/3, 2597/ 1, कुल क्षेत्रफल 0.358 हे. व ग्राम श्यामतराई, प.ह.न. 46, तहसील व जिला धमतरी में भूमि खसरा नम्बर 202, 98/1, 98/3 क्षेत्रफल 0.9858 हे. एवं ग्राम रूद्री, प.ह.न. 45 तहसील व जिला धमतरी में भूमि खसरा नम्बर 194/2 क्षेत्रफल 0.020 हे. व ग्राम हरफतराई, प.ह.न. 22, तहसील व जिला धमतरी में भूमि खसरा नम्बर 116 क्षेत्रफल 0.950 हे. भूमि स्थित है। उपरोक्त वर्णित भूमि में से स्थान धमतरी स्थित भूमि खसरा नम्बर 1070/4 क्षेत्रफल 0.006 हे. एवं भूमि खसरा नम्बर 2592/3 क्षेत्रफल 0.117 हे. पर मेरे पक्षकार व उपर वर्णित पक्षकारों के संयुक्त परिवार का मकान निर्मित है तथा शेष भाग पर उक्त संयुक्त परिवार के द्वारा कृषि कार्य की जाती है। उपरोक्त वर्णित भूमि एवं मकान पर मेरे पक्षकारगण का 1/9 हक हिस्सा संयुक्त रूप से सम्मिलित है।
यह कि मेरे पक्षकारगण के द्वारा उपरोक्त वर्णित भूमि एवं मकान के संदर्भ में अपने उपर वर्णित हिस्सेदारों के विरूद्ध दिनांक 03/04/2025 से जिला न्यायालय धमतरी में एक व्यवहार वाद अपने 1/9 हक हिस्से पर स्वामित्व की घोषणा तथा पृथक आधिपत्य की प्राप्ति हेतु व्यवहार वाद प्रस्तुत की गई है। मेरे पक्षकारगण के द्वारा प्रस्तुत उक्त व्यवहार वाद की जानकारी के बावजूद मेरे पक्षकारगण के उपर वर्णित अन्य हिस्सेदारों के द्वारा मेरे पक्षकारगण की अनुमति व सहमति के बगैर उक्त भूमि के संदर्भ में राजस्व अभिलेखों में छल-कपटपूर्ण दर्ज कराए गए नामांतरण के आधार पर उपरोक्त वर्णित भूमि को विक्रया या अन्यथा अंतरित करने का प्रयास कर रहे हैं जो कि अवैध एवं विधि विरूद्ध है। अतः इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूमि या उसके किसी भी भाग को कोई भी व्यक्ति, संस्था या निकाय इत्यादि मेरे पक्षकारगण की अनुमति व सहमति के बगैर क्रय विक्रय का संव्यवहार न करें अन्यथा किया गया संव्यवहार व निष्पादित विक्रय पत्र अवैध, विधिशून्य व शून्यवत होकर मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारी नहीं रहेगा। सो सूचना जानें।
रायपुर (छ.ग.) भवदीय दिनांक 14.09.2025
सत्येन्द्र सिंह ठाकुर अधिवक्ता,
निवास एवं कार्यालय : ओम हॉस्पिटल के पीछे, रूद्र भवन, विकास विहार कॉलोनी, माधवराव सप्रे वार्ड क्र. 69, रायपुरा, रायपुर (छ.ग.)
मो.न. - 9827113223

**GOVT. OF MAHARASHTRA**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
**PUBLIC WORKS DIVISION SOLAPUR**
Sat Rasta, Near Karigar Petrol Pump, Solapur - 413003
e-mail-solapur.ee@mahapwd.com Phone No. 0217/2312310

**E-TENDER NOTICE NO. 20 FOR 2025-2026 (Online)**
**"B-2" Tender**

Executive Engineer,Public Works Division, Solapur-413003 Sat Rasta Solapur invites Online tenders for the following work from the Contractors Registraction PWD Maharashtra who fulfill the qualifying criteria mentioned in the Bid Document. Bid Document can be downloaded from the portal **http://mahatenders.gov.in**

Executive Engineer, Public Works Division, Solapur, reserve the right to accept or reject may or all tenders. Conditional tenders shall not be accepted.

| Sr. No | Name of work | Type of Tender | Estimate Cost in Rs. | Class of Contractor |
|---|---|---|---|---|
| 1 | CRF-Improvements to Akkalkot Nimgaon Hattikanbas Chikkehalli Salgar Bhosga to State Border Road M.D.R.156 Km.0/00 to 21/00. Tal-Akkalkot. Dist- Solapur. | "B-2" Tender | 19,48,96,807 /- | Registraction of Certificate with P.W.D. not Required |

| | | |
|---|---|---|
| Downloading Period of E-Tender | - | **Dt. 15/09/2025 at 10.00 Hrs to 22/09/2025 at 18.15 Hrs** |
| Pre-Bid meeting | - | **Dt.17/09/2025 at 12.30 Hrs** in the Office of the Hon.Chief Engineer,Public Works Region, Central Building Pune-1. (online via link generated) |
| Bid Lock | - | **Dt.22/09/2025 at 18.15 Hrs** |
| Physical submission DOC. | - | At any of the following places within 72 Hrs. after Bid Lock at office of the. Executive Engineer, Public Works Division Solapur |
| Date of Opening of E-Tender | - | **Dt. 24/09/2025** at 11.00 Hrs.in the Office of the Superitending Engineer, Public Works Circle Solapur.(If Possible |

**NOTE:-** Details of Tender documents will be available and downloaded online directly from the Government of Maharashtra e-tendering website **http://mahatenders.gov.in** & **http://mahapwd.com** as under. Above Tender Notice is displayed on P.W.D. website **www.mahapwd.com**

Sd/-
(Manoj R Thakare)
Executive Engineer
Public Work Division, Solapur

आरओसी 2025-26/ क्र.-5/ C 2513

**छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित**
छठवी मंजिल, टॉवर "सी" कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, सी.बी.डी
सेक्टर- 21, नवां रायपुर अटलनगर, रायपुर (छ.ग). 492002
website- www.markfed.cg.nic.in Email.id - mf_ctrlroom_raipur@gov.in

क्र./ विपणन / बीमा / एफ - 1/3121 / 2025 न. रा. अ.न. दिनांक. 12/09/2025

**खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में पुनः ई-निविदा बीमा निविदा सूचना**

विपणन संघ के स्कंध के बीमा हेतु आमंत्रित ई-निविदा (बीड क्रमांक GEM/2025/B/6677636) दिनांक 12.09.2025 से 22.09.2025 तक शाम 6.00 बजे तक ऑनलाईन भरा जा सकता है। निविदा सूचना वेबसाईट https://gem.gov.in/ में जाकर प्राप्त किया जा सकता है। ई-निविदा की कार्यवाही के संबंध में अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए निम्न ई-मेल एवं फोन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

Email- helpdesk-gem@gov.in, फोन नंबर 1800-419-3436 / 1800-102-3436

महाप्रबंधक (विप)

S-45223/1

**homefirst** We'll take you home
**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703,
Website: homefirstindia.com Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

**परिशिष्ट-IV-A [नियम 8 (6) का प्रावधान देखें]**
**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के सह पठित के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना**

आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी (ओं) और सह-ऋणी (ओं) को स्तंभ (ii) के अनुसार सूचित किया जाता है कि स्तंभ (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल संपत्तियां सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित हैं, जिनका भौतिक कब्जा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा इसके बकाया तथा ब्याज की वसूली के लिए लिया गया है, जैसा कि नीचे विस्तृत रूप से बताया गया है तथा बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप, धारा 12 के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए नीचे हस्ताक्षरकर्ता उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत उक्त संपत्ति/संपत्तियों की बिक्री से बकाया राशि वसूलने का प्रस्ताव है और इसे "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि नीचे वर्णित है। होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को देय कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ताओं (ओं) से देय राशि की वसूली के लिए नीलामी "ऑन लाइन" आयोजित की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋणधारक (ओं) एवं सह ऋणधारक (ओं) के नाम | संपत्ति का पता | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की राशि | कब्जा की तिथि | बाजार मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि व समय | ईएमडी व दस्तावेजों के प्रस्तुति की तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी का नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रमोद गजभिये, मेघा गजभिये | प्लॉट सर्वे नंबर 16 ग्राम भिलाई, न्यू खुर्शीपार आवासीय व्यस्थापन योजना, न्यू खुर्शीपार राधाकृष्ण मंदिर वार्ड, वार्ड नंबर-32, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़, 490023 चौहद्दी: उत्तर-एस.एस. विश्वनाथ का मकान, दक्षिण-माणिकराव का मकान, पूर्व-चरणजीत सिंह का मकान, पश्चिम-20 फीट सड़क | 03-08-2024 | 27,14,334 | 24-03-2025 | 24,05,000 | 2,40,500 | 30-09-2025 (11 am-2pm) | 28-09-2025 (up to 5pm) | 7008279115 |

| ई-नीलामी सेवा प्रदाता | ई-नीलामी वेबसाइट/ विवरण, अन्य नियम एवं शर्तो हेतु | खाता संख्या: ईमडी/अन्य राशि जमा करने हेतु | शाखा आईएफएससी कोड | लाभार्थी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| कंपनी का नाम : ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीस लि. (आक्शन टाईगर) हेल्प लाईन नंबर : 079-35022160/149/182 संपर्क व्यक्ति : राम शर्मा-8000023297 e-Mail id : ramprasad@auctiontiger.net and support@auctiontiger.net. | http://www.homefirstindia.com https://homefirst.auctiontiger.net | 912020036268117 होम फर्स्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड एक्सिस बैंक लि. एमआईडीसी, अंधेरी पूर्व | UTIB0000395 | अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड |

**बोली वृद्धि राशि - रु. 10,000/-** । बिक्री वेब पोर्टल (https://homefirst.auctiontiger.net) पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी। ई-नीलामी निविदा दस्तावेज जिसमें ऑनलाइन ई-नीलामी बोली फॉर्म, घोषणा, ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम और शर्तें शामिल हैं, पोर्टल साइट पर उपलब्ध हैं। प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले भार, नीलामी में रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के शीर्षक और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकाया के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन होम फर्स्ट की किसी भी प्रतिबद्धता या किसी भी प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही इसे माना जाएगा। संपत्ति को सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेचा जा रहा है बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी। **किसी प्रकार की अस्पष्टता के मामले में नोटिस का अंग्रेजी संस्करण प्रामाणिक माना जायेगा।**

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना**

ऋणधारक/जमानतदार को ई-नीलामी की तिथि से पहले मांग सूचना में उल्लिखित राशि के साथ-साथ वर्तमान ब्याज और सहायक व्यय का भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, अन्यथा संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।

दिनांक : 15-09-2025
स्थान : भिलाई

द्वारा हस्ताक्षरित, प्राधिकृत अधिकारी,
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड


## राशिफल

**मेष** — किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी। शिक्षा में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृष** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

**मिथुन** — चिकित्सीय खर्च और भवन के मरम्मत पर खर्च बढ़ सकते हैं। वाणी में कठोरता रहेगी। वाणी का प्रभाव भी बढ़ेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

**कर्क** — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**सिंह** — मन परेशान रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ सकता है। आत्मविश्वास रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**कन्या** — शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मन में शान्ति का प्रभाव रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।

**तुला** — बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय के स्रोत भी विकसित होंगे। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। कारोबार की स्थिति मजबूत होगी।

**धनु** — वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता रहेगी। नौकरी में बदलाव की स्थिति बन रही है। भाई-बहनों का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा।

**मकर** — शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी मित्र के सहयोग से किसी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं।

**कुंभ** — नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। क पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी।

**मीन** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे।

## शब्द पहेली - 5989

**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

**शब्द पहेली- 5988 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | म | ल | म | ल | | | र | ह | न | |
| चा | य | | हा | | जा | सू | स | | शा | म |
| दु | | | रा | श | न | | म | | | न |
| का | र | गु | जा | री | | का | | दु | का | न |
| र | | ना | | फ | न | का | र | | फि | |
| | चा | ह | | | | | | भ | ला | |
| | ह | | अ | च | क | न | | वं | | अ |
| क | त | रा | | र्म | | क | म | र | बं | द |
| म | | | ब | | ला | ल | च | | | र |
| र | न | | ल | की | र | | ल | | आ | क |
| | म | ज | मा | | | अ | ना | या | स | |

## सूडोकु नवताल- 5999

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5998 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

# छह माह बाद चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग होगी अनिवार्य

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकार स्वैच्छिक आधार पर शुरू की गई चांदी के आभूषणों और वस्तुओं की हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाने की प्रक्रिया की प्रभाविता का मूल्यांकन करने के बाद इनकी हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाने के बारे में विचार करेगी।

■ भारतीय मानक ब्यूरो ने कहा, हमें मूल्यांकन करने थोड़ा समय चाहिए

सरकार ने चार सितंबर को एक सितंबर से प्रभावी चांदी के आभूषणों और वस्तुओं के लिए स्वैच्छिक हॉलमार्किंग शुरू करने की घोषणा की। इसमें उपभोक्ताओं के हित में धातु की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए एक डिजिटल पहचान प्रणाली लागू की जाएगी।

## सरकार स्वैच्छिक आधार पर शुरू की गई हॉलमार्किंग करेगी खत्म

### सोने की तरह चांदी के आभूषण के लिए हॉलमार्क होगा

तिवारी ने कहा कि सोने के आभूषणों की तरह इन्हें भी अनिवार्य बनाने पर विचार किया जा रहा है क्योंकि छोटे स्तर पर लोग चांदी पिघलाकर आभूषण बनाते हैं और उन्हें अनिवार्य प्रमाणन के दायरे में लाना एक बड़ी चुनौती है। एक अन्य सवाल के जवाब में तिवारी ने कहा कि ई-परिवहन के क्षेत्र में, बीआईएस ने कई मानक प्रकाशित किए हैं।



### बीआईएस की स्थापना 2016 में की गई

अधिकारी ने यह टिप्पणी इस सवाल के जवाब में की कि क्या सरकार चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाने पर विचार कर सकती है। बीआईएस भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय है जिसकी स्थापना बीआईएस अधिनियम 2016 के तहत वस्तुओं के मानकीकरण, अंकन और गुणवत्ता प्रमाणन की गतिविधियों के सामंजस्यपूर्ण विकास और उससे जुड़े या उसके आनुषंगिक मामलों के लिए की गई है।

### मूल्यांकन करने छह महीने पर्याप्त

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के महानिदेशक प्रमोद कुमार तिवारी ने कहा, 'हमें इसका मूल्यांकन करने के लिए कुछ समय चाहिए। छह महीने पर्याप्त होंगे। हम छह महीने तक इस पर गौर करेंगे और उसके बाद विचार करेंगे कि इसे अनिवार्य किया जाए या नहीं।'

### बैटरी अदला-बदली के लिए मानक जल्द

तिवारी ने कहा, 'हमने बैटरी चार्जिंग के लिए ईवी चार्जिंग स्टेशनों के लिए मानक विकसित किए हैं। हम बैटरी अदला-बदली के लिए भी मानक बना रहे हैं। यह मसौदा चरण में है। अगर हमें ईवी को लोकप्रिय बनाना है, तो हमारे पास ईवी के लिए पेट्रोल पंप जैसा बुनियादी ढांचा होना चाहिए।'

## खबर संक्षेप

### त्योहारी मांग बढ़ने से खाद्य तेलों के दाम सुधरे



**नई दिल्ली।** विदेशों में खाद्य तेलों के दाम मजबूत होने तथा त्योहारी मांग बढ़ने के कारण बीते सप्ताह घरेलू बाजार में सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल एवं बिनौला तेल में सुधार दर्ज हुआ। सहकारी संस्था नेफेड की एमएसपी से काफी नीचे दाम पर बिकवाली करने से सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट देखी गई।

### पूंजीकरण में बजाज फाइनेंस सबसे अधिक लाभ में रही

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,69,506.83 करोड़ रुपये बढ़ गया। शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच बजाज फाइनेंस सबसे ज्यादा लाभ में रही। पिछले सप्ताह, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेकस 1,193.94 अंक या 1.47 प्रतिशत चढ़ गया।

### बीएचईएल को मिला रेलवे को कवच आपूर्ति का ऑर्डर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स (बीएचईएल) को भारतीय रेलवे से स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच उपकरण की आपूर्ति करने और उसे लगाने के लिए 22.87 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। उसे भारतीय रेलवे (दक्षिण पश्चिम रेलवे) से एक ऑर्डर मिला है।

# जीएसटी सुधारों का लाभ दिन की शुरुआत से रात को सोने तक, सभी उत्पादों पर मिलेगा

एजेंसी ▸▸ चेन्नई



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार देश के प्रत्येक नागरिक के लिए एक बड़ी जीत है। सीतारमण ने रविवार को चेन्नई में एक कार्यक्रम में कहा कि भारत के प्रत्येक राज्य के अपने त्योहारों को ध्यान में रखते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दीपावली से पहले जीएसटी सुधारों को लागू करने के निर्देश से बहुत पहले ही इन्हें लागू करने का निर्णय लिया गया है। चेन्नई सिटीजन्स फोरम द्वारा आयोजित 'उभरते भारत के लिए कर सुधार' कार्यक्रम में अपने संबोधन में सीतारमण ने कहा कि माल एवं सेवा कर का लाभकारी प्रभाव सुबह की शुरुआत से लेकर रात के सोने तक सभी उत्पादों पर रहेगा। कुछ प्रमुख पहल का उल्लेख करते हुए सीतारमण ने कहा कि जिन 99 प्रतिशत वस्तुओं पर पहले जीएसटी के तहत 12 प्रतिशत कर लगता था, अब उनपर सिर्फ पांच प्रतिशत कर लगेगा। नए जीएसटी सुधार (2.0) 22 सितंबर से लागू होंगे।

### 350 से ज्यादा वस्तुओं पर कर की दरों में कटौती

जीएसटी परिषद द्वारा 350 से ज़्यादा वस्तुओं पर कर की दरों में कटौती का ज़िक्र करते हुए उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने पहले अलग-अलग स्लैब के तहत कर लगाने की प्रथा के बजाय केवल पांच और 18 प्रतिशत के स्लैब लागू किए हैं। उन्होंने कहा, 'हमने व्यापारियों के लिए भी प्रक्रिया को सरल बनाया है। किसी भी उत्पाद पर 28 प्रतिशत जीएसटी कर नहीं है।'

### जीएसटी दाखिल करने वाले 1.5 लाख व्यापारी

सीतारमण ने कहा, ''पिछले आठ साल में जीएसटी दाखिल करने वाले 1.5 करोड़ व्यापारियों की यह संख्या भविष्य में और बढ़ेगी।'' उन्होंने आगे कहा कि इस वृद्धि के कारण केंद्र और राज्य सरकारों को मिलने वाला राजस्व बढ़ा है। वित्त मंत्री ने बताया कि 2017 में कर संग्रह 7.19 लाख करोड़ रुपये था और अब सकल जीएसटी संग्रह 22 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है।

## थम सकती है सोने और चांदी की तेजी

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के 17 सितंबर को नीति फैसले से पहले सोने की कीमतों में तेजी कुछ थम सकती है, लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि आगे चलकर इस कीमती धातु की चमक बरकरार रहेगी। कारोबारी शुल्क प्रभाव का आकलन करने के लिए व्यापार मुद्रास्फीति के आंकड़ों, ब्रिटेन और यूरो क्षेत्र सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के मुद्रास्फीति के आंकड़ों, और बैंक ऑफ इंग्लैंड तथा बैंक ऑफ जापान की मौद्रिक नीति बैठकों पर नजर रखेंगे।

# मर्सिडीज को त्योहारी सत्र अच्छा होने की उम्मीद

एजेंसी ▸▸ म्यूनिख

मर्सिडीज-बेंज इंडिया को उम्मीद है कि जीएसटी दरों में हालिया कटौती से आगामी त्योहारी सत्र उसके लिए 'अबतक का सबसे अच्छा' सत्र होगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने यह बात कही। अय्यर ने साथ ही कहा कि उद्योग के दीर्घकालिक विकास के लिए राज्यों द्वारा कार खरीद पर लगाए जाने वाले पथ कर की सीमा तय करने की जरूरत है। लागत में कमी के उपायों को अंतिम ग्राहक तक पहुंचाने में मदद के लिए देश भर के राज्यों द्वारा लगाए जाने वाले पथकर में एकरूपता लाने की जरूरत है। सीईओ ने जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने का स्वागत करते हुए बताया कि वाहन क्षेत्र अब भी सबसे अधिक कर वाले क्षेत्रों में से एक है, जहां देशभर में राज्य 15 से 22 प्रतिशत तक कर लगाते हैं। अय्यर ने कहा, ''जीएसटी में कटौती का कीमतों पर 6-8 प्रतिशत का स्पष्ट प्रभाव पड़ता है, और इससे निश्चित रूप से अल्पावधि में मांग पर असर होगा।







# रिजर्व बैंक ने फोन-पे पर 21 लाख रुपए का जुर्माना लगाया



एजेंसी ▸▸ मुंबई

■ कुछ मानदंडों का पालन न करने पर लगाया जुर्माना

भारतीय रिजर्व बैंक ने ''प्रीपेड भुगतान उपकरणों'' (पीपीआई) से संबंधित कुछ मानदंडों का पालन न करने के लिए फोन-पे लिमिटेड पर 21 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि अक्टूबर 2023 से दिसंबर 2024 की अवधि के लिए कंपनी के संचालन के संदर्भ में कंपनी का वैधानिक निरीक्षण किया गया था। रिजर्व बैंक के निर्देशों का पालन न करने और उस संबंध में संबंधित पत्राचार के पर्यवेक्षी निष्कर्षों के आधार पर फोन-पे को एक नोटिस जारी किया गया था।

नोटिस में उसे कारण बताने के लिए कहा गया था कि उक्त निर्देशों का पालन करने में विफलता के लिए उस पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए। नोटिस पर कंपनी के जवाब, उसके द्वारा दिए गए अतिरिक्त प्रस्तुतीकरण और व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान दिए गए मौखिक जानकारी पर विचार करने के बाद, रिजर्व बैंक ने पाया कि कंपनी के खिलाफ आरोप सही थे, जिसके लिए मौद्रिक जुर्माना लगाना उचित था।

कंपनी ने कहा, ''कंपनी के एस्क्रो खाते में दिन के अंत में शेष राशि बकाया प्रीपेड भुगतान उत्पादों (पीपीआई) और कुछ दिनों में व्यापारियों को देय भुगतानों के मूल्य से कम थी, और कंपनी ने उक्त एस्क्रो खाते में कमी की सूचना तुरंत आरबीआई को नहीं दी।''

### जुर्माना अनुपालन में कमियों के कारण

रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि यह जुर्माना नियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है और इसका उद्देश्य कंपनी द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर कोई प्रभाव डालना नहीं है।

# अविनाश ग्रुप के 'द लगून' प्रोजेक्ट के डेमो विला का भव्य शुभारंभ

**रायपुर।** अविनाश ग्रुप ने रविवार को अपने बहुप्रतीक्षित और प्रीमियम विला प्रोजेक्ट 'द लगून' के डेमो विला का भव्य शुभारंभ किया। नियो बैलिनीज आर्किटेक्चर और जीवनशैली पर आधारित यह प्रोजेक्ट लगभग 21 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है, जिसमें कुल 68 लग्ज़री विला शामिल हैं। शुभारंभ अवसर पर अविनाश ग्रुप के प्रबंध निदेशक आनंद सिंघानिया ने कहा, द लगून सिर्फ एक रियल एस्टेट प्रोजेक्ट नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा शांत, सुंदर और समृद्ध समुदाय है, जहाँ निवासियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ एक बैलिनीज़ जीवनशैली का अनुभव मिलेगा। डेमो विला अब पूरी तरह तैयार है और इसे देखने के लिए इच्छुक विज़िटर्स आमंत्रित हैं। इस विला में आधुनिक जीवनशैली की हर सुविधा का ध्यान रखा गया है-ओपन लिविंग स्पेस, प्राइवेट गार्डन, वेलनेस ज़ोन, हाई-एंड इंटीरियर्स और अत्याधुनिक सुरक्षा व्यवस्था जैसे तत्व शामिल हैं। इस शुभ अवसर पर आनंद सिंघानिया के साथ डायरेक्टर यश सिंघानिया, डायरेक्टर सौरभ अग्रवाल, डायरेक्टर प्रतीक शर्मा, वाइस प्रेसीडेंट (कमर्शियल) रमेश सिंह, सीनियर जनरल मैनेजर (सेल्स) विपिन झा, अविनाश ग्रुप की टीम एवं कई सम्माननीय ग्राहक उपस्थित रहे।



■ 21 एकड़ में फैला प्रीमियम विला प्रोजेक्ट



# भारत की बेटियों ने जोरदार पंच से जीती दुनिया, जैस्मिन-मीनाक्षी बनीं विश्व चैंपियन

एजेंसी ▸▸| लीवरपूल

भारतीय मुक्केबाज जैस्मिन लेंबोरिया (57 किग्रा) और मीनाक्षी हुड्डा (48 किग्रा) ने विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। जैस्मिन ने फाइनल में पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता पोलैंड की जूलिया जेरेमेटा को 4-1 से हराया, जबकि मीनाक्षी ने पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता कजाखस्तान की नाजिम काइजेबे को हराकर खिताब अपने नाम किया। शनिवार देर रात हुए फाइनल में जैस्मिन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जूलिया जेरेमेटा को 4-1 के अंतर से हराया (30-27, 29-28, 30-27, 28-29, 29-28)। पूरी प्रतियोगिता में उन्होंने आक्रामक और संतुलित खेल दिखाते हुए खुद को अपराजेय साबित किया। इसके अगले दिन रविवार को मीनाक्षी ने भी अपनी प्रतिद्वंद्वी, पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता कजाखस्तान की नाजिम काइजेबे को हराकर भारत को दूसरा स्वर्ण दिलाया। उन्होंने भी 4-1 के समान अंतर से जीत दर्ज की।

■ विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में नुपूर ने जीता रजत और पूजा को कांस्य





## बॉक्सिंग स्टार मीनाक्षी ने भारत को दिलाया दूसरा गोल्ड

भारत की बॉक्सिंग स्टार मीनाक्षी हुड्डा ने विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करा लिया। मीनाक्षी ने फाइनल में पेरिस ओलंपिक की कांस्य विजेता नाजिम काइजेबे को हराकर गोल्ड मेडल जीता। मीनाक्षी ने इस मैच में नाजिम काइजेबे को 4-1 से मात दी। मीनाक्षी ने कजाख मुक्केबाज से कड़ी टक्कर मिलने के बाद 4-1 के विभाजित निर्णय से गोल्ड मेडल मुकाबला जीता। मीनाक्षी ने 48 किग्रा भारवर्ग के सेमीफाइनल में मंगोलिया की बॉक्सर अल्तांत्सेत्सेग लुत्सेखान को 5-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में मीनाक्षी ने इंग्लैंड की खिलाड़ी पम्फ्रे ऐलिस को हराया था। प्री क्वार्टर फाइनल में चीन की खिलाड़ी वांग क्यूपिंग को हराया था।

## *भारत के लिए 6 बार मेरीकाम ने जीता था खिताब*

*इससे पहले छह बार की चैंपियन एमसी मेरीकोम (2002, 2005, 2006, 2008, 2010 और 2018), दो बार की विजेता निकहत जरीन (2022 और 2023), सरिता देवी (2006), जेनी आरएल (2006), लेखा केसी (2006), नीतू गंघास (2023), लवलीना बोरगोहेन (2023) और स्वीटी बूरा (2023) यह खिताब जीत चुकी है।*

## जैसमीन ने लगातार किया अच्छा प्रदर्शन

तीसरी बार विश्व चैंपियनशिप में भाग ले रही 24 वर्षीय जैसमीन ने मुकाबले में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। शुरू में दोनों मुक्केबाज एक-दूसरे को परख रही थीं लेकिन रेफरी के उकसावे पर जेरेमेटा ने पहला वार किया। ओलंपिक फाइनल में लिन यू-टिंग से हारने वाली पोलैंड की यह मुक्केबाज़ तेज और सटीक थी।

## मुकाबले में खुद को हावी नहीं कर पाईं नूपुर

एक अन्य फाइनल में नुपुर को पोलैंड की तकनीकी रूप से कुशल अगाता काजमार्स्का से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद उन्हें रजत पदक मिला। नूपुर अपने लंबे कद के बावजूद मुकाबले में खुद को हावी नहीं कर पाईं।

## खबर संक्षेप



### एशिया कपः खाता खोलने भिड़ेंगे यूएई और ओमान

**अबुधाबी।** मेजबान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सोमवार को एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए मुकाबले में जब पहली बार इस प्रतियोगिता में खेल रहे ओमान से भिड़ेगा तो उसकी कोशिश भारत से मिली हार को भुलाकर मैच जीतने की होगी। इन दोनों टीमों को अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था और उनका लक्ष्य इस मैच में जीत हासिल करके अपना खाता खोलना होगा। दूसरी बार एशिया कप में खेल रही यूएई की टीम अपने पहले मैच में 13.1 ओवर में मात्र 57 रन पर ढेर हो गई और भारत ने अपनी सबसे तेज टी-20 जीत दर्ज की। ओमान का प्रदर्शन भी कुछ बेहतर नहीं रहा।

### मिस्र ओपनः दूसरे दौर में हारे अभय



**नई दिल्ली।** कई बार के राष्ट्रीय चैंपियन अभय सिंह अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में नाकाम रहे और गीजा में चल रही 366,000 अमेरिकी डॉलर इनामी पीएसए वर्ल्ड टूर डायमंड स्क्वाश प्रतियोगिता मिस्र ओपन के राउंड ऑफ 32 में दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी यूसुफ इब्राहिम से हार गए। दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी अभय ने पहले दौर में दुनिया के 17वें नंबर के फ्रांसीसी खिलाड़ी ग्रेगोइरे मार्चे को हराया था। लेकिन वह अपना यह प्रदर्शन आगे जारी नहीं रख पाए और मुकाबले में मिस्र के खिलाड़ी से 40 मिनट में 4-11, 10-12, 11-5, 7-11 से हार गए।

### भारतीय दल को झटका वजन अधिक पाए जाने पर सहरावत अयोग्य घोषित

**नई दिल्ली।** विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भाग ले रही भारतीय टीम को रविवार को तब करारा झटका लगा जब ओलंपिक पदक विजेता अमन सहरावत को अधिक वजन पाए जाने के बाद जाग्रेब में चल रही प्रतियोगिता से अयोग्य घोषित कर दिया गया। पिछले वर्ष पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले अमन का वजन पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा स्पर्धा से पहले वजन के दौरान 1.7 किग्रा अधिक पाया गया।

### मैं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहा हूं



**बेंगलुरु।** चेतेश्वर पुजारा को शून्य पर आउट करने से लेकर नेट्स पर विराट कोहली को गेंदबाजी करने तक, गुरजपनीत सिंह पिछले साल अगले स्तर की चुनौती के लिए तैयार थे लेकिन ग्रोइन की चोट ने बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को मैदान से दूर कर दिया। इस चोट के कारण उन्हें चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ आईपीएल 2025 सत्र से हटना पड़ा और उनकी जगह डेवाल्ड ब्रेविस ने ली। लेकिन अब धीरे-धीरे गुरजपनीत का करियर पटरी पर लौट रहा है, जिसका सबूत दलीप ट्रॉफी में दक्षिण क्षेत्र के लिए दो पारियों में लिए गए आठ विकेट हैं।

## कप्तान सूर्य कुमार बोले- यह जीत पहलगाम के पीड़ित परिवारों के साथ सेना को समर्पित

# भारत के तूफान में उड़ा पाकिस्तान, सूर्या ब्रिगेड ने एकतरफा मुकाबले में सात विकेट से रौंदा

**अभिषेक ने पहली गेंद पर चौका तो दूसरी गेंद पर लगाया छक्का**




एजेंसी ▸▸| दुबई

एशिया कप 2025 के महामुकाबले में टीम इंडिया ने पाकिस्तान पर अपने दबदबे को बनाये रखा और सात विकेट से आसानी से हराया। भारत के सामने पाकिस्तान की टीम जैसे तैसे 127 रन बना ही सके थी। इसके जवाब में भारत के लिए अभिषेक शर्मा (31) और बाद में सूर्यकुमार यादव(47 रन नाबाद) ने पाकिस्तानी गेंदबाजी की कमर तोड़ते हुए भारत को 15.5 ओवर में ही जीत दिलाई। टीम इंडिया के लिए पिछले मैच में चार विकेट लेने वाले कुलदीप यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन विकेट लेकर जीत की नींव रखी। इससे टीम इंडिया ने यूएई और पाकिस्तान पर जीत के साथ एशिया कप के सुपर-4 स्टेज में जगह बना ली है। जीत के बाद भारत के कप्तान सूर्य कुमार ने कहा, यह जीत पहलगाम के पीड़ित परिवारों के साथ सेना को समर्पित है।



### अभिषेक और सूर्यकुमार की तूफानी पारी

वहीं 128 रन के जवाब में भारत के लिए अभिषेक शर्मा ने पहली गेंद पर चौका तो दूसरी गेंद पर शाहीन को छक्का लगाया। लेकिन दूसरे छोर से शुभमन गिल सात गेंद में 10 रन बनाकर चलते बने। जबकि बाद में अभिषेक शर्मा भी 13 गेंद में चार चौके और दो छक्के से 31 रन बनाकर साइम अयूब का शिकार बने। लेकिन तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव ने फिर मोर्चा संभाला। तभी जीत के करीब तिलक वर्मा 31 गेंद में दो चौके और एक छक्के से 31 रन बनाकर चलते बने। वहीं अंत तक कप्तान सूर्यकुमार यादव नाबाद रहे और उन्होंने 37 गेंद में पांच चौके और एक छक्के से 47 रन बनाए तो शिवम दुबे भी 7 गेंद में एक छक्के से 10 रन बनाकर नाबाद लौटे। इससे टीम इंडिया ने आसानी से 15.5 ओवर में तीन विकेट पर 131 रन बनाकर सात विकेट से जीत को अपने नाम किया।



### शाहीन की बैटिंग से 100 के पार पहुंचा पाकिस्तान

45 पर तीन विकेट खोने वाल पाकिस्तान के लिए फिर बल्लेबाज पवेलियन से आते-जाते नजर आए और इसका आलम ये रहा कि 97 रन के टोटल तक आठ विकेट गिर चुके थे। इसमें ओपनर फरहान ने 44 गेंद में एक चौके और तीन छक्के से 40 रन बनाए। जबकि अंत में शाहीन अफरीदी ने ताबड़तोड़ छक्के बरसाते हुए 16 गेंद में चार छक्के से 33 रन बनाए। इससे पाकिस्तान की टीम ने नौ विकेट पर 127 रन बनाए। भारत के लिए गेंदबाजी में सबसे अधिक तीन विकेट कुलदीप यादव ने झटके।

### स्कोर बोर्ड

| पाकिस्तान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अयूब का बुमराह बो पंड्या | 0 | 1 | 0 | 0 |
| फरहान का पंड्या बो कुलदीप | 40 | 44 | 1 | 3 |
| हारिस का पंड्या बो बुमराह | 3 | 5 | 0 | 0 |
| फखर जमां का वर्मा बो पटेल | 17 | 15 | 3 | 0 |
| आगा का अभिषेक बो पटेल | 3 | 12 | 0 | 0 |
| हसन नवाज का पटेल बो कुलदीप | 5 | 7 | 0 | 0 |
| मोहम्मद नवाज पगबाधा बो कुलदीप | 0 | 1 | 0 | 0 |
| अशरफ पगबाधा बो वरुण | 11 | 14 | 1 | 0 |
| शाहीन शाह अफरीदी नाबाद | 33 | 16 | 0 | 4 |
| मुकीम बो बुमराह | 10 | 6 | 0 | 2 |
| अहमद नाबाद | 0 | 5 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त : पांच रन | | | | |
| योग : 20 ओवर में नौ विकेट पर 127 रन | | | | |
| **भारत** | **रन** | **गेंद** | **4** | **6** |
| अभिषेक का अशरफ बो अयूब | 31 | 13 | 4 | 2 |
| गिल का हारिस बो अयूब | 10 | 7 | 2 | 0 |
| सूर्यकुमार नाबाद | 47 | 37 | 5 | 1 |
| तिलक वर्मा बो अयूब | 31 | 31 | 2 | 1 |
| शिवम दुबे नाबाद | 10 | 7 | 0 | 1 |
| अतिरिक्त : दो रन | | | | |
| योग :15 . 5 ओवर में तीन विकेट पर 131 रन | | | | |

### हार्दिक ने हासिल की उपलब्धि

भारत से पहले ओवर गेंदबाजी करने आए हार्दिक पांड्या ने अहम उपलब्धि हासिल की। उन्होंने पहली गेंद पर विपक्षी सलामी बल्लेबाज सैम अयूब (0) को जसप्रीत बुमराह के हाथों कैच आउट कराया। वह अब पहली वैध गेंद पर विकेट लेने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय गेंदबाज बने गए उनसे पहले अर्शदीप सिंह ने ऐसा कारनामा किया था। उन्होंने पिछले साल अमेरिका के खिलाफ शायन जहांगीर का विकेट चटकाया था। पांड्या ने आज 34 रन देते हुए 1 विकेट लिया।

### एशिया कप में फिलहाल सर्वाधिक विकेट वाले गेंदबाज कुलदीप

एशिया कप 2025 के अपने पहले मैच में यूएई क्रिकेट टीम के खिलाफ कुलदीप ने 7 रन देते हुए 4 विकेट लिए थे। उन्होंने इस टूर्नामेंट में फिलहाल 2 मैचों में 7 विकेट ले लिए हैं। इसके साथ ही वह फिलहाल इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

### पाकिस्तान ने बनाया भारत के खिलाफ अपना तीसरा सबसे छोटा स्कोर

पाकिस्तान की टीम ने भारत के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना तीसरा (127/9) सबसे छोटा स्कोर बनाया। उनका सबसे छोटा स्कोर 83 रन है। साल 2016 में टीम 17.3 ओवर में 83 रन पर ऑलआउट हुई थी। साल 2024 में पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में 113/7 रन ही बना पाई थी। भारतीय टीम का पाकिस्तान के खिलाफ सबसे छोटा टी-20 अंतरराष्ट्रीय स्कोर 119 रन है। ये 2024 के विश्व कप में आया था।

**हांगकांग ओपन**

## पहला गेम जीतने के बावजूद खिताब से चूके सात्विक-चिराग



एजेंसी ▸▸| हांगकांग

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी को रविवार को हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में चीन के ओलंपिक रजत पदक विजेता लियांग वेई केंग और वैंग चैंग के खिलाफ हार से उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा। पिछले महीने लगातार दूसरी बार विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली दुनिया की नौवें नंबर की भारतीय जोड़ी को पहला गेम जीतने के बावजूद 61 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण फाइनल में चीन की दुनिया की छठे नंबर की जोड़ी के खिलाफ 21-19 14-21 17-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

### लय बरकरार रखने में रहे नाकाम

सात्विक और चिराग ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहला गेम जीता लेकिन इस लय को बरकरार रखने में नाकाम रहे और निर्णायक गेम में 2-11 से पिछड़ने के बाद उनकी हार लगभग तय हो गई थी। चिराग ने कहा, "मुझे लगता है कि शटल थोड़ी तेज आ रही थी। उन्होंने शुरुआती चार-पांच स्ट्रोक में हम पर काफी दबाव डाला क्योंकि वह काफी अच्छी तरह रिटर्न कर रहे थे।" उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि दूसरे और तीसरे गेम में हम बेहतर योजना बना सकते थे। पहले गेम में हमने काफी अच्छी तरह सामना किया लेकिन दूसरे और तीसरे गेम में हम ऐसा नहीं कर पाए।' शुरुआती गेम में दोनों जोड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली।

### अगली बार मिलेगा मौका

चिराग ने कहा, 'यह हफ्ता अच्छा रहा, विशेषकर विश्व चैंपियनशिप के एक हफ्ते बाद और अब हम फाइनल खेल रहे थे।' उन्होंने कहा, 'आप खिताब जीतना चाहते हैं लेकिन उन्हें श्रेय जाता है, वे भी अच्छा खेले। अगली बार भी मौका मिलेगा और कुल मिलाकर मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं।' थाईलैंड ओपन जीतने के बाद भारतीय जोड़ी 16 महीनों में पहली बार फाइनल में खेल रही थी और इस हार के साथ सुपर 500 फाइनल में इस जोड़ी का परफेक्ट रिकॉर्ड भी टूट गया।

## विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप

टोकियो। जापान की राजधानी टोकियो में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप चल रही है। टूर्नामेंट में जमैका के ओब्लिक सेविले (7) ने पुरुषों की 100 मीटर फाइनल मुकाबला जीता।




## दलीप ट्रॉफी : 11 साल में पहली बार मध्य क्षेत्र खिताब के करीब

**बेंगलुरु।** दक्षिण क्षेत्र के अंकित शर्मा और आंद्रे सिद्धार्थ ने रक्षात्मक बल्लेबाजी का बेहतरीन नमूना पेश किया लेकिन मध्य क्षेत्र 11 साल में पहली बार दलीप ट्रॉफी खिताब जीतने के करीब है, जिसे पांचवें और आखिरी दिन जीत के लिए सिर्फ 65 रन की जरुरत है। अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 129 रन से आगे खेलते हुए दक्षिण ने पहले सत्र में 120 रन जोड़े लेकिन चार विकेट भी गंवाए। उसकी दूसरी पारी 426 रन पर खत्म हो गई। मध्य के लिए स्पिनर कुमार कार्तिकेय और सारांश जैन ने मिलकर सात विकेट चटकाए। दक्षिण क्षेत्र के पास सिर्फ 64 रन की बढ़त है और पांचवें दिन मध्य क्षेत्र के लिए जीत बस औपचारिकता मात्र लग रही है।



## विश्व कप में मेघना ने जीता पहला पदक, पांचवीं पोजीशन पर भारत

एजेंसी ▸▸| निंगबो

मेघना सज्जनार ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक के साथ विश्व कप में अपना पहला पदक जीता, जिससे भारत ने सत्र के अंतिम आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्टल) में पांचवें स्थान पर रहकर अपने अभियान का अंत किया।



मेघना ने फाइनल में 230.0 का स्कोर बनाकर कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में चीन की उभरती हुई स्टार पेंग शिनलू का दबदबा रहा, जिन्होंने 255.3 के स्कोर के साथ हमवतन वांग ज़िफ़ेई के 254.8 के स्कोर का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। नॉर्वे की जेनेट हेग डुएस्टैड ने रजत पदक जीता। शनिवार को ईशा सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया था।

### जाधव ने 590 अंक हासिल कर फाइनल में बनाई जगह

भारत के एक अन्य खिलाड़ी किरण अंकुश जाधव ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन क्वालीफिकेशन राउंड में 590 अंक हासिल कर चौथा स्थान हासिल करके फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में हालांकि, पहले नीलिंग पोजीशन और फिर दूसरे प्रोन पोजीशन में उनकी शुरुआत बेहद खराब रही, जिसके कारण वे 40 शॉट के बाद 406.7 स्कोर के साथ आठवें स्थान पर रहे। भारत के अन्य खिलाड़ियों में पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले ने 587 अंक बनाकर कुल 21वां और पदक दावेदारों में 19वां स्थान हासिल किया। बाबू सिंह पंवार 583 अंक के साथ उनसे पीछे रहे।

एन एम डी सी लिमिटेड NMDC Limited
बैलाडीला लौह अयस्क खदान : बचेली कॉम्पलेक्स
Bailadila Iron Ore Mine: Bacheli Complex
Distt.-S.B.Dantewada, Chhattisgarh, PIN - 494553
Corporate Identity Number : L13100TG1958GOI001674

दिनांक 15.09.2025

:: आवश्यक सूचना ::

दंतेवाड़ा जिला में इस वर्ष औसत से ज्यादा वर्षा दर्ज की गई है। भारी बारिश के कारण बैलाडीला क्षेत्र में सड़कों, नालों इत्यादि का बहुत नुकसान हुआ है। लगातार हो रही बारिश के कारण जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है तथा आम लोगों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ा है। एनएमडीसी का खनन क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा है। एनएमडीसी के बचेली खनन क्षेत्र में भी भारी बारिश के चलते बहुत नुकसान हुआ है। जगह-जगह लैंड स्लाइड के चलते खनन क्षेत्र में सड़क मार्ग अवरूद्ध हुआ है। अभी भी बहुत सी जगहों पर चट्टान एवं मिट्टी के ढीला होने के कारण अभी भी लैंड स्लाइड होने का खतरा बना हुआ है। इसके अतिरिक्त भारी धुंध के कारण भी खनन क्षेत्र में खतरा बना हुआ है। अभी भी इस क्षेत्र में बारिश की संभावना बनी हुई है।

इन खतरों को मद्देनजर रखते हुये आम नागरिकों की सुरक्षा हेतु विश्वकर्मा जयंती के दिन एनएमडीसी, बचेली के खनन क्षेत्र में बाहरी व्यक्तिओं एवं वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में जिला प्रशासन ने भी एक आदेश जारी किया है। आम नागरिकों से अपील की जाती है कि इस संबंध में प्रशासन द्वारा जारी किए गए आदेश के पालन हेतु अपेक्षित सहयोग प्रदान करें।

मानव संसाधन विभाग
एनएमडीसी बी आईओएम बचेली

# धरती की वो जादुई सीमा, जिसे पार करते ही शुरू होती है स्पेस की दुनिया



**वॉशिंगटन।** आपके मन में कभी न कभी तो ये सवाल जरूर आया होगा कि धरती कहां खत्म होती है। या फिर वो कौन सी जगह है जहां अंतरिक्ष शुरु होता है। आपको बता दें कि एक ऐसी काल्पनिक रेखा है जिस जगह हमारी धरती का वायुमंडल खत्म हो जाता है। यह किसी तरह की दीवार नहीं, बल्कि वैज्ञानिकों द्वारा तय की गई सीमा है, जो बताती है कि अंतरिक्ष कहां से शुरु होता है। यह रेखा धरती के वायुमंडल और बाहरी अंतरिक्ष के बीच की एक काल्पनिक रेखा है, जहां से स्पेस की दुनिया शुरु हो जाती है।



### क्या है ये लाइन?

जिस सीमा को वैज्ञानिकों द्वारा तय किया गया है उसे कार्मन रेखा कहते हैं। इस जगह पर हवा भी नहीं पहुंचती, क्योंकि यह धरती से 100 किमी की ऊंचाई पर स्थित है। अब आप सोच रहे होंगे कि ये कैसा नाम है, तो बता दें कि इसे हंगेरियन-अमेरिकी इंजीनियर थियोडोर वॉन कार्मन के नाम पर रखा गया था।



### क्या थी वैज्ञानिकों की कैलकुलेशन?

सन 1950 में वैज्ञानिकों ने अपनी कैलकुलेशन से पता लगाया कि धरती से 100 किमी ऊपर हवा की एक बेहद ही पतली परत है कि वहां कोई भी विमान पंख फैला कर उड़ान नहीं भर सकता। उड़ना तो दूर आप इस जगह पर सांस भी नहीं ले सकते, यह रेखा धरती के वायुमंडल और स्पेस के बीच की एक काल्पनिक रेखा है, जहां से अंतरिक्ष की दुनिया शुरू हो जाती है।

### इस काल्पनिक रेखा के परे क्या है?

धरती से 100 किमी की ऊंचाई पर मौजूद ये रेखा जिसे कार्मन लाइन कहते हैं, यहां हवा लगभग खत्म हो जाती है और वहां किसी भी तरह का कोई घर्षण नहीं होता, इसलिए वहां रॉकेट तेज स्पीड के साथ उड़ सकते हैं। लेकिन, इस जगह पर रेडिएशन, तापमान में उतार-चढ़ाव होते रहते हैं, जिस वजह से यह बहुत खतरनाक है।

## रोचक खबरें



### फिल्मी अंदाज में पेड़ पर चढ़कर बंदर बरसाने लगा नोटों की गड्डी, लूटने के लिए दौड़ पड़े लोग!

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले से बंदरों की शरारत का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां फुटपाथ पर पूजा सामग्री बेच रहे दुकानदार बाल गोपाल की दुकान पर अचानक बंदरों का हुजूम उतर आया। इन्हीं में से एक चालाक बंदर ने ऐसा कारनामा कर डाला जिसे देखकर हर कोई दंग रह गया। मौदहा कस्बे के मुख्य बाजार की ये घटना बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि बंदर दुकानदार के पास रखी 10,800 रुपए की नोटों की गड्डी झपटकर सीधे पीपल के पेड़ पर चढ़ गया। इसके बाद उसने वहां बैठकर फिल्मी अंदाज में नोट एक-एक कर नीचे फेंकने शुरू कर दिए। जैसे ही ऊपर से नोट बरसने लगे, बाजार में अफरातफरी मच गई। लोग नोट लूटने के लिए दौड़ पड़े और देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई। दुकानदार और स्थानीय लोगों ने बंदर को नीचे लाने के लिए उसे केले भी खिलाए। इसके बाद बंदर ने बाकी नोट फेंक दिए। हालांकि, भीड़ द्वारा कुछ नोट उठाकर ले जाने से दुकानदार का नुकसान हो गया। बावजूद इसके, जब बाकी रकम वापस मिली तो दुकानदार ने राहत की सांस ली।

# वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में देखा 'कॉस्मिक लाइटहाउस', सूर्य से 3 लाख गुना बड़ा

**न्यूयार्क।** ब्लैक होल पर हुई इस नई खोज से वैज्ञानिकों को समझने में मदद मिलेगी कि विशाल ब्लैक होल अपनी आकाशगंगा को बढ़ने में कैसे मदद करते हैं और शुरुआती ब्रह्मांड में ये इतनी तेजी से बड़े कैसे हो गए। ऐसा ही एक ब्लैक होल मानगा 12772-12704 नाम की छोटी आकाशगंगा में मिला है जो धरती से 23 करोड़ लाइट ईयर दूर है। यह अपना आकाशगंगा के केंद्र से लगभग 3,260 प्रकाश वर्ष दूर घूम रहा है। यह बात चौंकाने वाली है, क्योंकि ब्लैक होल्स आमतौर पर आकाशगंगा के केंद्र में ही पाए जाते हैं। वैज्ञानिक लियू युआनकी ने कहा, यह ब्लैक होल घूमते हुए 'ब्रह्मांडीय लाइटहाउस' की तरह है।

### क्या ब्लैक होल बाहर भी जा सकते हैं?

आमतौर पर ऐसा माना जाता है कि विशाल ब्लैक होल अपनी गैलेक्सी के बीच में होते हैं। ये कभी शांत रहते हैं तो कभी पदार्थ को निगलकर शक्तिशाली ऊर्जा छोड़ते हैं। लेकिन, वैज्ञानिकों को अब पता चला है कि कुछ बहुत ही बड़े ब्लैक होल अपनी जगह से हटकर आकाशगंगा के बाहर भी जा सकते हैं।

### आकाशगंगाओं के मिलने पर क्या होता है?

वैज्ञानिकों का ऐसा मानना है कि, जब आकाशगंगाएं आपस में मिलती हैं तो एक बहुत ही पावरफुल ऊर्जा झटका पैदा हो सकता है। यह झटका ब्लैक होल को छोटी आकाशगंगाओं के कमजोर ग्रैविटी से बाहर निकाल सकता है। वैज्ञानिकों की टीम ने सिमुलेशन में दिखाया कि कई छोटी आकाशगंगाओं के ब्लैक होल 3000 प्रकाश वर्ष तक अपनी जगह से खिसक सकते हैं। हालांकि, इसके सबूत को खोजना अभी बहुत मुश्किल



### क्या इतना भी हो सकता है तापमान?

वेरी लॉन्ग बेसलाइन ऐरे की मदद से वैज्ञानिकों की टीम ने एक ऐसी जगह खोजी है जिसका तापमान 1 अरब डिग्री सेल्सियस से भी ज्यादा थी। उन्हें 7.2 लाइट ईयर लंबा एक जेट भी मिला, ये सभी निशान आमतौर पर किसी आकाशगंगा के बीच में मौजूद ब्लैक होल्स में पाए जाते हैं। जांच में वैज्ञानिकों ने पाया कि मानसा 12772-12704 नाम की आकाशगंगा से दूर मिला, यह क्षेत्र दशकों में पहले ज्यादा चमका और फिर धीरे-धीरे धुंधला हो गया।

### सूर्य से कितना बड़ा है?

टीम ने पता लगाया कि ब्लैक होल सूर्य से 3 लाख गुना ज्यादा भारी है। यह खोज वैज्ञानिकों के लिए बहुत ही रोमांचक है, क्योंकि ऐसे मध्यम आकार के ब्लैक होल को खोजना वैज्ञानिकों के लिए बहुत ही मुश्किल काम है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ऐसे ब्लैक होल बहुत बड़ी संख्या में मौजूद होने चाहिए, क्योंकि ये आपस में मिलकर बहुत बड़े हो जाते हैं। इस खोज की पूरी जानकारी 4 सितंबर को साइंस बुलेटिन पत्रिका में प्रकाशित हुई।

### बुजुर्ग को देख सेलिब्रिटी की तरह उमड़ता है कौओं का झुंड

**उज्जैन।** अक्सर देखा जाता है कि दुनिया मे बहुत से लोगों की जानवरों और पक्षियों से दोस्ती रहती है। अगर सबसे ज्यादा किसी पक्षी को नापसंद किया जाता है तो वह है कौआ। इनको अक्सर लोग मौत या अशुभ घटनाओं से जोड़ते हैं। घर के बाहर कौओं का बोलना अपशकुन माना जाता है। इंसानों ने अपनी सोच के हिसाब से उसे अच्छा या बुरा बना दिया है। ऐसे में उज्जैन का एक शख्स ऐसा है, जिन्हें कौए बहुत प्यार करते हैं। त्रिवेणी हिल्स के निवासी अशोक कुमार दुबे को देख कौओं का झुंड ऐसे आता है, मानो वह उनके परिवार के सदस्य हों। अशोक कुमार दुबे जिनकी उम्र 68 वर्ष है। उन्होंने बताया कि, कौओं से दोस्ती का नाता कोई नई बात नहीं, बल्कि करीब 6-7 बरस पुरानी बात हैं। कृष्ण विहार कॉलोनी में एक बरगद के नीचे रोज सुबह- शाम कौए जमा हो जाते हैं और वह इनके लिए दाना पानी डालते हैं। खास बात यह है कि इनको देख कौआ जोर-जोर से चिल्लाते और सिर पर मंडराने लगते हैं। अशोक ने बताया कि मैं इसे केवल पक्षी प्रेम की दृष्टिकोण से देखता हूं। सात सालों से यह सिलसिला चल रहा है।

### पालतू कुत्ते का नाम 'शर्मा जी रखने पर बवाल, मारपीट

**इंदौर।** इंदौर के राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक बेहद अजीब मामला सामने आया है। मामला दरअसल एक पालतू कुत्ते के नाम को लेकर हुआ विवाद है। इस विवाद ने इतना बड़ा रूप ले लिया कि बात पुलिस तक जा पहुंची। घटना शिव सिटी इलाके की है, जहां एक पड़ोसी ने अपने कुत्ते को 'शर्मा जी' कहकर पुकारा। इसी बात को लेकर विवाद खड़ा हो गया। शिव सिटी में रहने वाले भूपेंद्र सिंह ने अपने पालतू कुत्ते को पुकारते हुए उसका नाम 'शर्मा जी' रखा। पड़ोस में रहने वाले वीरेंद्र शर्मा और उनकी पत्नी को यह बात बेहद आपत्तिजनक लगी। उनका आरोप है कि भूपेंद्र सिंह जानबूझकर उनके नाम से मेल खाता हुआ नाम कुत्ते को बुलाता है और इस दौरान उन्होंने कुछ आपत्तिजनक कमेंट भी की। इससे शर्मा फैमिली को बुरा लगा और उन्होंने इस पर विरोध जताया। शुरुआत में यह विवाद केवल कहासुनी तक सीमित था, लेकिन धीरे-धीरे मामला बिगड़ गया। दोनों पक्षों के बीच बहस इतनी बढ़ी कि हाथापाई तक की नौबत आ गई। इस झगड़े में शिकायतकर्ता वीरेंद्र शर्मा घायल हो गए। उनकी चोटों के बाद मामला और गंभीर हो गया। इसके बाद वीरेंद्र शर्मा ने राजेंद्र नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने उनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोनों पक्षों से पूछताछ की जाएगी। फिलहाल इस मामले ने पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना दिया है।

# नरक देख लौटे डॉक्टर ने बताई मौत के बाद की हकीकत!

## खौफनाक चीखें, जले मांस की बदबू...

**लंदन।** मौत को जिंदगी का आखिरी पड़ाव माना जाता है। इसके बाद व्यक्ति की कहानी जरूर खत्म हो जाती है, लेकिन उसकी



यात्रा जारी रहती है। भारत मूल के यूएसए नेस्थिसियोलॉजिस्ट डॉक्टर राजीव पारती का दावा है कि उन्हें नर्क और भगवान को देखा है। मौत आपके शरीर का अंत है, लेकिन आपकी आत्मा का नहीं। मौत एक दरवाजा है, इस दुनिया से दूसरी दुनिया में जाने का। इस अनुभव ने डॉ. राजीव की पूरी जिंदगी बदल दी। जिसके बाद आंख खुलते ही उन्होंने उन सभी भौतिक चीजों को छोड़ दिया, जिसे पाना लोगों का अल्टीमेट गोल होता है। 2008 में प्रोस्टेट कैंसर के इलाज के दौरान डॉ. राजीव की कुछ समय के लिए धड़कनें थम गयी थी। उस समय वे 51 वर्ष के थे।

### नियर-डेथ एक्सपीरियंस में कितनी सच्चाई?

नियर-डेथ एक्सपीरियंस वो अनुभव होते हैं जो मौत के करीब पहुंचने पर होते हैं, जैसे दिल का रुक जाना। इसमें लोग शरीर से अलग होने, शांति महसूस करने या रोशनी और मर चुके लोगों को देखने का अनुभव करते हैं। लेकिन, वैज्ञानिक रूप से ये जीवन के बाद के सबूत नहीं हैं।

### नर्क के मुहाने पर हूं!

डॉक्टर ने बताया कि मैंने दर्द और पीड़ा की चीखें सुनी. मैं मानो किसी जलती हुई सड़क पर, किसी धधकती घाटी के किनारे पर खिंचा चला गया। मेरे नथुनों में धुआं भर गया, और उसके साथ जलते हुए मांस की घिनौनी गंध भी। मुझे तब एहसास हुआ कि मैं नर्क के मुहाने पर हूं। डॉ. पारती ने अपने यूट्यूब चैनल पर अपने अनुभव के बारे में बताया है। उनका यह भी दावा है कि एक आवाज ने उनकी 'भौतिकवादी' जिंदगी की निंदा की।

### डाइंग टू वेक अप

डॉक्टर राजीव ने डाइंग टू वेक अप: ए डॉक्टर्स वॉयेज इनटू द आफ्टरलाइफ एंड द विजडम ही ब्रॉट बैक' नामक पुस्तक लिखी। जिसमें डॉ. ने अपने मरने के बाद की हकीकत को लेकर अपना अनुभव शेयर किया है। लेकिन,जब उन्होंने इसकी बात अपने दोस्तों और कलीग से कही तो किसी ने विश्वास नहीं किया। उन्होंने कहा कि मैं इसे सबसे अच्छे तरीके से यह समझा सकता था कि मुझे अपने उद्देश्य, अपने आत्मा के उद्देश्य का पालन करना होगा।










### 8 हजार की तनख्वाह में क्या आतंकवादी से लड़ूं? सिक्योरिटी गार्ड की बातें सुन लोटपोट हुए लोग

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया की दुनिया में इन दिनों एक सिक्योरिटी गार्ड का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो ने इंटरनेट की जनता को हंसाया भी है और सोचने पर भी मजबूर कर दिया है। मामला एक रेसिडेंशियल सोसाइटी का है, जहां एक कपल ने गार्ड को डिलीवरी बॉय को बिना एंट्री रजिस्ट्रेशन के अंदर जाने देने पर डांट दिया था। वायरल वीडियो में गार्ड अपने दोस्त से कहता है, 'मेरी तनख्वाह सिर्फ 8 हजार रुपए है और आप मुझसे उम्मीद कर रहे हैं कि मैं आतंकवादी से लड़ूं। वो भी इस पतले-से डंडे के साथ।' इतना कहते हुए वह अपनी ड्यूटी के लिए मिली एक पतली और आधी टूटी हुई डंडी दिखाता है। यह देखकर उसका दोस्त जोर-जोर से हंसने लगता है। बाद में गार्ड भी उसके साथ हंसने लगता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com